वर्ष 24, अंक 206, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 4 फरवरी 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'राहुल गांधी ने चीन के साथ FTA कर किया था पाप, पीएम ने बचाया'

# ट्रेड डील पर बोलते वक्त कांग्रेस पर बरसे पीयूष गोयल





**नई दिल्ली**

**भारत-अमेरिका** ट्रेड डील पर सरकार का पक्ष रखते हुए केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी इस डील को लेकर देश को गुमराह करने या भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी ने 2012 में चीन के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (ऋळअ) करने का पा किया था. पीएम मोदी ने इसे सुधारा है. राहुल गांधी नकारात्मक सोच के व्यक्ति हैं और दोहरा रवैया दिखाते हैं.'

राहुल गांधी का पीएम मोदी पर आरोप

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भयंकर दबाव में हैं, इसलिए उन्होंने अमेरिका के साथ व्यापार समझौता किया है. कांग्रेस सासंद राहुल गांधी ने आरोप लगाया, 'हिंदुस्तान के किसानों को यह समझना चाहिए कि इस समझौते में आपकी मेहनत और खून-पसीने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेच दिया है.'

देश को गुमराह कर रहे राहुल गांधीः पीयूष गोयल

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, 'राहुल गांधी का अमेरिकी व्यापार समझौते पर देश को गुमराह करने की कोशिश अफसोस की बात, उनका भारत की प्रगति से कोई लेना-देना नहीं है. भारत ने अमेरिका के साथ ट्रेड डील में कृषि और डेयरी के संवेदनशील क्षेत्रों के हितों की रक्षा की है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समझौते में पशुपालन, कृषि और डेयरी क्षेत्रों के हितों का ध्यान रखा है.'

'भारत ने अमेरिका के साथ किया अच्छा डील'

पीयूष गोयल ने कहा कि वह संसद में इस समझौते के बारे में बोलना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के हंगामे के कारण ऐसा नहीं कर सके. मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के साथ बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौता पूरा कर लिया है और देश उन्हें बधाई दे रहा है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यक्तिगत संबंधों के कारण भारत को अमेरिका के साथ एक अच्छा समझौता हासिल हुआ है।

## लोकसभा में भारी हंगामा, कागज उछालने पर कांग्रेस के 7 समेत 8 सांसद पूरे Budget Session से निलंबित

**नई दिल्ली**

**सदन** की कुर्सी पर कागज फेंकने के आरोप में आठ लोकसभा सांसदों को पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। निलंबित सांसदों में मणिकम टैगोर, गुरजीत सिंह औजला, अमरिंदर सिंह राजा वारिंग, किरण कुमार रेड्डी, एस वेंकटेशन, हिबी ईडन, डीन कुरियाकोस और प्रशांत पाडोले शामिल हैं। इनमें से सात सांसद कांग्रेस पार्टी से हैं, जबकि वेंकटेशन सीपीएम से हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा इस संबंध में एक प्रस्ताव पेश किए जाने के बाद सांसदों के खिलाफ कार्रवाई की गई।



सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर जारी चर्चा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के एक अप्रकाशित संस्मरण का उल्लेख करने का प्रयास करने के मुद्दे पर बैठक तीन बार स्थगित होने के बाद अपराह्न तीन बजे शुरू हुई तो पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने आसन की अवज्ञा करने के लिए कांग्रेस सदस्यों अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, गुरदीप सिंह औजला,हिबी ईडन, डीन कुरियाकोस, प्रशांत पडोले, किरण कुमार रेड्डी और मणिकम टैगोर तथा माकपा सांसद एस वेंकटेशन के नाम लिए।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने आठों सदस्यों का नाम लेते हुए सदन में प्रस्ताव रखा कि सदन की अवमानना करने और महासचिव तथा लोकसभा अधिकारियों की मेजों के पास आकर कागज उछालकर आसन की गरिमा को ठेस पहुंचाने के लिए उक्त सभी सदस्यों को नियम 374 (2) के तहत संसद के वर्तमान सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया जाए। सदन ने ध्वनिमत से इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी जिसके बाद बैठक दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

विपक्षी सदस्यों ने सदन में राहुल गांधी को बोलने की अनुमति नहीं मिलने के मुद्दे पर नारेबाजी करते हुए आसन के समीप कागज उछालकर फेंके थे। राहुल गांधी ने मंगलवार को सदन में नरवणे की पुस्तक पर आधारित लेख को सत्यापित करते हुए सदन के पटल पर रखा। उन्होंने फिर से नरवणे के संस्मरण और चीन के साथ टकराव का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का महत्वपूर्ण मुद्दा है जिसका चीन तथा पाकिस्तान के साथ संबंध है और यह राष्ट्रपति के अभिभाषण का प्रमुख हिस्सा है। आसन से उन्हें आगे बोलने की अनुमति नहीं दी गई।

## रेखा गुप्ता सरकार की सौगात, होली-दिवाली पर फ्री गैस सिलेंडर का ऐलान

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** की रेखा गुप्ता सरकार ने बड़ा ऐलान कर दिया है. बीजेपी सरकार इस साल होली और दिवाली पर गरीबों को मुफ्त गैस सिलेंडर देगी. कैबिनेट मीटिंग में इसको लेकर फैसला लिया गया है.

दिल्ली में रेखा गुप्ता सरकार के 1 साल पूरे होने पर दिल्ली सरकार गरीबों को सौगात देने जा रही है. बीजेपी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में ये ऐलान किया था कि अगर उनकी सरकार दिल्ली में बनती है तो गरीबों को होली और दिवाली पर मुफ्त गैस सिलेंडर दिया जाएगा.

242 करोड़ रुपये कैबिनेट से पास

इसको लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, "दिल्ली के परिवारों को बधाई, एक वादा आज पूरा कर रहे हैं. होली और दिवाली मे मुफ्त सिलेंडर दिया जाएगा. इसको लेकर 242 करोड़ का फंड कैबिनेट में पास कर दिया गया है.

पात्र लोगों को दिए जाएंगे 853 रुपये

सीएम गुप्ता ने कहा कि ?राशन कार्ड होल्डर्स को सिलेंडर का पैसा यानि 853 रुपए ट्रांसफर किए जाएंगे. साथ ही. पाइपलाइन इस्तेमाल करने वालो को भी 853 रुपये भेजे जाएंगे. उन्होंने कहा कि फ्री सिलेंडर के साथ- साथ ?इसी तरह सब वादे पुरे किये जाएंगे. सीएम ने कहा कि इसी होली पर ये दिया जाएगा.



17.5 लाख राशनकार्डधारकों को मिलेगा लाभ

सीएम ने बताया कि इसी होली पर ये फ्री सिलेंडर दिया जाएगा, इसको लेकर दिल्ली सरकार ने कैबिनेट से 242 करोड़ रुपये सेंक्शन कर दिए हैं. दिल्ली सरकार लाभार्थियों के खाते में 853 रूपए डायरेक्ट ट्रांसफर करेगी. दिल्ली के तकरीबन 17.5 लाख राशनकार्डधारी को इस योजना का लाभ मिलेगा.

त्योहारों पर मिलेगी राहत

पिछले कुछ वर्षों में रसोई गैस के दामों में लगातार बढ़ोतरी हुई है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है. ऐसे में त्योहारों के समय मुफ्त गैस सिलेंडर या उसकी राशि मिलना आम लोगों के लिए बड़ी राहत साबित होगा. खासकर वे परिवार, जिनकी आय सीमित है, उनके लिए यह सहायता रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में मददगार होगी.

ये है सरकार का मकसद

दिल्ली सरकार का कहना है कि इस योजना का उद्देश्य केवल आर्थिक मदद देना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि कोई भी परिवार त्योहारों पर रसोई गैस की कमी के कारण परेशानी में न पड़े. सरकार आगे भी इसी तरह जनहित से जुड़े फैसले लेती रहेगी और गरीब, महिला, बुजुर्ग व जरूरतमंद वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं लाती रहेगी.

इस फैसले के बाद राजधानी दिल्ली में लाखों परिवारों के चेहरे पर खुशी देखने को मिल सकती है और माना जा रहा है कि आने वाले समय में सरकार इसी तरह की अन्य कल्याणकारी योजनाओं की भी घोषणा कर सकती है।

### यूपी फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 में बोले सीएम योगी आदित्यनाथ

## 'पीएम मोदी की नीतियों से झुकीं महाशक्तियां'

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भारतीय वस्तुओं पर शुल्क कम करने और भारत को एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में मान्यता देने के लिए धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय वस्तुओं पर शुल्क कम करने और भारत को एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में मान्यता देने के लिए हम प्रधानमंत्री मोदी और डोनाल्ड ट्रम्प के आभारी हैं। यूपी फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की कि उत्तर प्रदेश ने पिछड़े राज्य की अपनी छवि को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य राजस्व अधिशेष वाली अर्थव्यवस्था में बदल गया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमने अपना पहला निवेश शिखर सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें 20,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित हुआ। हमें कई सुधार लागू करने पड़े और महत्वपूर्ण बदलाव लाने पड़े, और आज मैं गर्व से कह सकता हूं कि हमारे पास भूमि बैंक सुविधा भी है। उत्तर प्रदेश अब पिछड़ा राज्य नहीं है; यह अब राजस्व अधिशेष वाला राज्य है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने राज्य के चिकित्सा क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के संभावित योगदान का पता लगाने के लिए 2 करोड़ रुपये की राशि की घोषणा की। उन्होंने जोर दिया कि इस निवेश का उद्देश्य अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करके पूरे उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा और निदान को बेहतर बनाना है। मुख्यमंत्री योगी ने आगे कहा कि मैं माननीय प्रधानमंत्री का आभारी हूं। दिल्ली में एक एआई सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है, और हमने उत्तर प्रदेश में चिकित्सा क्षेत्र में एआई के संभावित योगदान का पता लगाने के लिए 2 करोड़ रुपये की राशि की घोषणा की थी। उन्होंने राज्य सरकार के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने वाली चिकित्सा और दवा कंपनियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज मैं उन सभी चिकित्सा कंपनियों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं जिनके साथ हमने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।



## 'गलत' तरीके से छूने से बंद हो सकता था इंजन

**बेंगलुरु**

**एयर** इंडिया ने विमानन नियामक (डीजीसी) द्वारा जारी एक बयान में कहा कि लंदन से बेंगलुरु की उड़ान (एआई-132) के दौरान पायलट द्वारा खराबी की सूचना दिए जाने के बाद विमान को ग्राउंडेड किए गए बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान के ईंधन स्विच में किसी भी प्रकार की खराबी की आशंका से इनकार किया है। हालांकि डीजीसी के बयान में विमान को ग्राउंडेड करने का स्पष्ट कारण नहीं बताया गया, लेकिन यह संकेत दिया गया कि गलत दिशा में बाहरी बल लगाने से स्विच "रन" से "कटऑफ" मोड में चला गया होगा।

AI-132 फ्लाइट में क्या हुआ?

यह घटना 1 फरवरी को लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से बेंगलुरु के लिए उड़ान भरने से पहले AI-132 फ्लाइट में घटी।

सेफ्टी मैटर्स फाउंडेशन की एक प्रेस विज्ञप्ति, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, के अनुसार, एयर इंडिया के क्रू ने बाएं इंजन के फ्यूल कंट्रोल स्विच में असामान्य व्यवहार की सूचना दी। बयान में कहा गया है कि प्री-फ्लाइट चेक के दौरान स्विच दो बार कोशिश करने पर भी "रन" पोजीशन में लॉक नहीं हो पाया और "कटऑफ" की ओर बढ़ गया। ये स्विच मूल रूप से विमान के इंजनों में ईंधन के प्रवाह को नियंत्रित करते हैं। इस तरह की खराबी से उड़ान के दौरान इंजन बंद हो सकता है। बेंगलुरु में उतरने के बाद विमान को ग्राउंडेड कर दिया गया।

यह घटनाक्रम पिछले साल जून में अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया (एआई 171) विमान हादसे के बाद बोइंग 787 विमानों पर लगे ईंधन नियंत्रण स्विचों की जांच के बीच आया है, जिसमें 269 लोग मारे गए थे।

## पाकिस्तान की खैर नहीं, ICC की लाठी के बाद पड़ेगी कानूनी कार्यवाई की मार



**नई दिल्ली**

पाकिस्तान ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के साथ ना खेलने का फैसला ले तो लिया, लेकिन इसके लिए उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं. अब पीटीआई की एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि क्ळउ ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (ढउइ) को चेतावनी दे डाली है कि भारत के साथ ना खेलने पर उसे कानूनी कार्यवाई का सामना करना पड़ सकता है. पाकिस्तान ने बीते रविवार 15 फरवरी को होने वाले भारत के खिलाफ मैच खेलने से मना कर दिया था. हालांकि ढउइ ने अब तक आधिकारिक रूप से इसकी सूचना क्ळउ को नहीं दी है. न्यूज एजेंसी ढळक के अनुसार पाकिस्तान ने भारत के साथ मैच नहीं खेल, तो वह उसकी सालभर में आईसीसी से होने वाली कमाई पर रोक लगा सकता है, जो लगभग 35 मिलियन अमेरिकी डॉलर बताई जा रही है.

पाकिस्तान को दंड देने की तैयारी

पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि अगर पाकिस्तान झुककर भारत के साथ मैच नहीं खेलता है तो उसे ना केवल आर्थिक रूप से सजा मिलेगी, बल्कि टी20 वर्ल्ड कप 2026 के प्रासरणकताओं द्वारा कानूनी कार्यवाई का भी सामना करना पड़ सकता है. अगर पाकिस्तान आईसीसी की डिसप्यूट रेजोल्यूशन कमिटी के पास जाता है, तो ऐसे प्रयासों के विफल होने की संभावना अधिक है."

नियमानुसार आईसीसी की डिसप्यूट रेजोंल्यूशन कमिटी उन फैसलों पर सुनवाई नहीं करती है, जो उसी के बोर्ड ने लिए हों.

क्यों मिलेगी पाकिस्तान को सजा?

इसी रिपोर्ट अनुसार पीसीबी के एक अन्य सूत्र ने बताया कि पाकिस्तान सरकार ने जो भी कहा हो, ढउइ को भारत के साथ ना खेलने के गंभीर परिणाम भुगतने होंगे, क्योंकि उसके मैच उसी की इच्छा अनुसार न्यूट्रल वेन्यू (श्रीलंका) पर तय किए गए हैं.।

### सड़क दुर्घटनाओं के क्या हैं मुख्य कारण-

ओवर स्पीडिंग और रैश ड्राइविंगः तेज रफ्तार का थ्रिल ही अनियंत्रित दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है.

रॉन्ग साइड चलना और गलत ओवरटेकः सीमित दूरी में जोखिम भरे ओवरटेक लेना.

इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमीः स्पीड ब्रेकर, मीडियन, फुटपाथ, रैंडम डिवाइडर और सिग्नलिंग का अभाव.

रात में खराब रोशनी और संकेतों की कमीः रात के समय दृश्यता कम होने के कारण दुर्घटनाएं बढ़ी हैं.

सुरक्षा उपकरणों का अभावः हेलमेट/सीटबेल्ट का न पहनना.

ड्राइवर की लापरवाहीः मोबाइल का उपयोग, शराब का सेवन, अनभिज्ञता.

आपातकालीन प्रतिक्रिया में देरीः दुर्घटना के बाद समय पर बचाव और प्राथमिक उपचार न मिलना।

# शांत देहरादून बन रहा 'डेथ जोन'

### हर साल सड़क हादसों में जा रहीं युवाओं की जानें, अब पुलिस उठाएगी ये कदम

**देहरादून**

**देहरादून** जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांत आबो हवा के लिए मशहूर था, वह अब बदल चुका है. देहरादून में शहरीकरण और वाहन वृद्धि ने एक नए प्रकार की चुनौती खड़ी कर दी है. मेट्रो सिटी जैसी रफ्तार, बढ़ती वाहनों की संख्या और अपर्याप्त सड़क-इन्फ्रास्ट्रक्चर ने ट्रैफिक की समस्या और सड़क हादसों को चिंताजनक स्तर पर पहुंचा दिया है . देहरादून में हर साल कई लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवा देते हैं और इनमें युवाओं की संख्या विशेष रूप से अधिक है.

देहरादून के भीतर कई क्षेत्रों को 'डेथ जोन' किया गया घोषित

बीते साल 2025 के आंकड़े स्थिति की गंभीरता को स्पष्ट करते हैं. पिछले साल देहरादून के डोईवाला क्षेत्र में 54 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज हुए, जिनमें 31 लोगों की मौत हो गई , जबकि योगनगरी कहे जाने वाले ऋषिकेश में 39 सड़क दुर्घटनाओं में 24 लोगों ने अपनी जान गंवाई. यह आंकड़े केवल आंकड़े नहीं हैं, यह उन परिवारों की टूटती जिंदगियां हैं, जिन पर तेज रफ्तार और लापरवाही भारी पड़ी है.



पुलिस और प्रशासन द्वारा देहरादून शहर के अंतर्गत कई मार्गों को 'डेथ जोन' घोषित किया गया है. इनमें शिमला, बायपास रोड, ऋषिकेश-हरिद्वार रोड, डोईवाला, ओएनजीसी चौक और आईएसबीटी प्रमुख से शामिल हैं. इन इलाकों में ज्यादातर मौतें ओवरटेकिंग के समय और रात में खराब दृश्यता के कारण हुई हैं. 'डेथ जोन' उस संयोजन का परिणाम हैं जहां उच्च गति, अपर्याप्त सड़क डिजाइन, स्कीमेटिक लेन-डिवाइडर का अभाव, कम या खराब सिगनल और फुटपाथ/पैदल यात्री इंतजामों की कमी एक साथ मिलती है।

# नगर निगम की जनसुनवाई में गूंजी पार्षदों और नागरिकों की समस्याएं, नगर आयुक्त ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज में मंगलवार को आयोजित सम्भव जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान पार्षदों और आम नागरिकों की समस्याएं प्रमुखता से उठीं। नगर आयुक्त श्री सीलम साईं तेजा ने जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों से जुड़ी समस्याएं नगर आयुक्त के समक्ष रखीं। नगर आयुक्त ने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। इसके साथ ही बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने भी पेयजल, सड़क, नाली निर्माण, जलनिकासी और अतिक्रमण से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराईं। नगर आयुक्त ने आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि पेयजल आपूर्ति, नालों और नालियों की साफ-सफाई तथा जाम नालियों की समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद नगर आयुक्त ने जोनल कार्यालय के पार्षदों के साथ बैठक भी की। बैठक में शहर के विभिन्न स्थानों पर चबूतरे, पेयजल की व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालय व यूरिनल, शेड और अन्य नागरिक सुविधाओं को लेकर सुझाव लिए गए। साथ ही नगर की सड़कों पर सफाई व्यवस्था, मार्ग प्रकाश, मलवा हटाने और अतिक्रमण की समस्या के त्वरित निस्तारण के लिए कर्मचारियों को निर्देश दिए गए।

नगर आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि शहर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित रखने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## महिला के घर में घुसकर मारपीट, जान से मारने की धमकी

**मांडा।** उल्दा गांव में एक महिला के घर में घुसकर उसके जेठ और बेटे ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह घटना रंजिश के चलते हुई। थाना क्षेत्र के उल्दा गांव निवासी सावित्री उर्फ प्रभा पांडेय पत्नी संजय पांडेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके जेठ शिवदेव पांडेय और उनके बेटे आशू उर्फ आशीष पांडेय उसके घर में घुस आए थे। तहरीर के अनुसार, आरोपियों ने उसके पति संजय पांडेय की जेब से रुपये निकालने का प्रयास किया। जब महिला ने इसका विरोध किया, तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता अपने पति के साथ बाहर रहती है। पुलिस ने महिला की चिकित्सकीय जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मांडा में कराई है। मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

## न्यूज झरोखा

### अयोध्या के महामंडलेश्वर मदन मोहन दास बने महंत

**राम जानकी मंदिर राम जानकी खालसा में 9 साल बाद वैदिक मंत्र 4 से हुआ पट्टाभिषेक**





**प्रयागराज।** माघ मेला समाप्त होने के बाद राम जानकी मंदिर बलुआ घाट खालसा में मंगलवार को अयोध्या के श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर मदन मोहन दास जी का पट्टाभिषेक किया गया। कई प्रदेश से आए संत और महात्माओं ने वैदिक मंत्रोचार के साथ उन्हें पूजन पर बैठाया और उनका पट्टाभिषेक करते हुए उन्हें छड़ी चादर और दीक्षा देकर महंत बनाया। इस दौरान तमाम संत मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में विशाल प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। श्री राम जानकी मंदिर बलुआ घाट खालसा के महंत रहे निमिया जी महाराज का निधन होने के बाद से इस खालसा में कोई भी महंत नहीं बनाया गया था। माघ मेले की समाप्ति के बाद एक बार फिर से इस खालसे में बड़ा आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, अयोध्या, गुड़गांव सहित कई जगहों के संत और महात्मा पट्टाभिषेक के कार्यक्रम में पहुंचे। जहां सभी संतो की सहमति से इस आयोजन को किया गया। सन 2016 में महामंडलेश्वर निमिया जी महाराज के निधन के बाद से यह महंत का पद रिक्त पड़ा हुआ था। उनके स्थान पर सुदामा दास जी को प्रभार के तौर पर यह दिया गया था। लेकिन महंत का पद नहीं दिया गया था। 9 वर्षों के बाद महंत के पद पर अयोध्या के महामंडलेश्वर मदन मोहन दास जी को पूरी परंपरा के अनुसार महंत की उपाधि दी गई। बलुआ घाट में बनी है प्राचीन राम जानकी मंदिर महंत मदन मोहन दास जी महाराज ने बताया कि यह राम जानकी मंदिर प्राचीन है। अयोध्या पीठ के महामंडलेश्वर निमिया महाराज ही इस खालसे के महंत थे। जिन्होंने पूरी निष्ठा और अपने तप से कई सिद्धियां प्राप्त की थी। माघ मेला हो या फिर कुंभ अर्ध कुंभ महाकुंभ मेले में लगने वाले शिविर में तमाम जगहों के संत शिविर में रहते थे और साधना करते हुए अपने कल्पवास को पूरा करते थे।

### मेंडुवा गांव में भाजपा की हुई बैठक, गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान पर दिया गया जोर



**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा गहन मतदाता पुनरीक्षण प्रपत्र अभियान के अंतर्गत सहसों मंडल के मेंडुवा गांव में मंगलवार को एक अति आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची का निरीक्षण कर नए मतदाताओं को जोड़ना तथा त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों को दुरुस्त करना रहा। बैठक के दौरान मतदाता सूची की बारीकी से जांच की गई। कटे हुए नामों, संशोधित प्रविष्टियों एवं नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए आवश्यक प्रपत्र भरे गए। पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकताओं को अभियान को गंभीरता से लेते हुए अधिक से अधिक योग्य मतदाताओं को सूची में शामिल कराने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा गंगापार के जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष पुष्कर पटेल, संयोजक आनंद त्रिपाठी, जिला संयोजक (नमामि गंगे) राजधर द्विवेदी, सुरेश त्रिपाठी, विमलेश पटेल, राघवेंद्र सिंह, दया सिंह, बूथ अध्यक्ष बलवंत सिंह सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## यूजीसी के समर्थन में कोरांव में बहुजन समाज के द्वारा हुआ मार्च




**कोरांव।** उच्च शैक्षणिक संस्थानों विश्वविद्यालयों में हो रहे जातिगत शोषण के खिलाफ और यूजीसी के समर्थन में बहुजन समाज के लोगों के द्वारा कोरांव ब्लाक से तहसील कोरांव तक प्रतिरोध मार्च निकाल कर यूजीसी को लागू कराने के राष्ट्रपति और मुख्यन्यायाधीश महोदय को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी कोरांव को सौंपा। साथ ही कल से ही यूजीसी के समर्थन में नैनी से पदयात्रा कर कोरांव पहुंचे युवाओ का स्वागत किया गया। इस पद का नेतृत्व दिनेश चौधरी ,पवन सिंघाल,अजय कुशवाहा ने किया । आज ज्ञापन के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लल्लन सिंह पटेल,डा कमलेश गौतम, राधेश्याम यादव, एड लवकुश कोल, नीरज मौर्या, लवकुश पटेल, लक्ष्मीकांत पटेल ददुआ,डा सत्येंद्र पाल,अमित जैसल, विनय चौधरी, एड प्रकाश वर्मा, मोनू मौर्या, अमरेंद्र वर्मा, कृष्णकांत बौद्ध, डा लवलेश गौतम, अनुराग मौर्य, एड उमाकांत कुशवाहा, अशोक कुशवाहा एडवोकेट, राजेश गौतम, बैजनाथ, विकाश, आशुतोष समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## स्वामी विवेकानंद स्कूल में 12वीं के बच्चों की भावपूर्ण हुई विदाई

**संघर्ष ही असली सफलता की सीढ़ी है : प्रबंधक विजय कुमार तिवारी**

**अखंड भारत संदेश**



**थरवई।** स्वामी विवेकानंद विद्याश्रम सीनियर सेकेंडरी स्कूल थरवई में कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई।दीक्षांत समारोह के दौरान विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इनमें शिक्षण कार्य में बेहतर प्रदर्शन, परामर्श क्षमता, चित्रकला सहित अन्य गतिविधियों में विशेष योग्यता दिखाने वाले छात्र-छात्राएं शामिल रहे। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के मुख्य अतिथि के रुपमे रहे प्रबंधक विजय कुमार तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे विद्याधर द्विवेदी एवं कार्यक्रम के मुख्य संयोजक स्कूल के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार पाण्डेय रहे। मुख्य अतिथि विजय कुमार तिवारी ने इस दीक्षांत समारोह के दौरान विदाई के रूप में बच्चों को अपना आशीर्वचन देते हुए कहा कि जीवन में अगर सफलता हासिल करनी है तो संघर्ष ही आगे सफलता की ओर बढ़ने का मौका देती है। आपकी कड़ी मेहनत सच्ची लगन ही लक्ष्य में पाने में सफल साबित होगी। उसी क्रम में विशिष्ट अतिथि ने ने भी बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की और शिक्षा की मतदाता पर प्रकाश डाला। वहीं कार्यक्रम के मुख्य संयोजक दिनेश पाण्डेय ने बच्चों से विद्यालय द्वारा दी गई अच्छी शिक्षा एवं विद्यालय से मिले अच्छे आचरण एवं व्यवहार को आगे भी इसे अपने जीवन में उतारने की बात कही। वहीं यह भी बताया की विदाई का मतलब दूर होना नहीं अपितु अब शिक्षा का क्षेत्र में और आगे बढ़ने का समय है। गुरु और शिष्य कभी विदा नही होते एवं उनके द्वारा द्वारा मिली शिक्षा ही जीवन को आगे बढ़ने में महत्वता रखती है। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ हुआ एवं आए हुए अतिथियों को बैज लगाकर व स्मृति चिन्ह के साथ उनका सम्मान बढ़ाया। बच्चों को भी उनका के साथ बैज लगाते हुए भावपूर्ण विदाई की गई। इस मौके पर आशुतोष पांडेय, आशुतोष मिश्र, अनुराधा त्रिपाठी, शालिनी शुक्ला, सुशांत पांडेय, यादवेंद्र कुमार पांडेय, तुंग नाथ तिवारी, राम सूरत सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का बेहतर संचालन गौरव उपाध्याय द्वारा किया गया।

## वरदान हॉस्पिटल झूंसी में रक्तदान शिविर का आयोजन लोगों ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान दिया गया प्रमाण पत्र






**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** वरदान हॉस्पिटल झूंसी में रक्तदान शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना एवं समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा है।

इस अवसर पर फिजिशियन डॉ. अभिषेक सिंह ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। कई बार रक्त की कमी के कारण गंभीर रूप से बीमार मरीजों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में रक्तदान कर किसी की भी जान बचाई जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि रक्तदान करने से रक्तदाता का शरीर भी स्वस्थ रहता है।

रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को अस्पताल प्रशासन की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की पूर्ण रूप सक्रिय भूमिका रही। रक्तदान शिविर में प्रमुख रूप से डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. ए.पी. सिंह, डॉ. प्रमेश श्रीवास्तव, डॉ. अभिलाषा सिंह, डॉ. उत्तम सिंह यादव, डॉ. वर्तिका श्रीवास्तव, डॉ. नीरज मिश्रा, डॉ. प्रवीण दुबे सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## धर्म, सत्य और भक्ति के मार्ग पर चलने का दिया संदेश



**जंघई।** गंगा कल्पवास आश्रम सेक्टर नंबर 5 तुलसी चौराहा, गंगोली शिवाला मार्ग पुल नंबर 4 माघ मेला, प्रयागराज में सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। प्रांगण में घंटों की मधुर ध्वनि, शंखनाद और मंत्रोच्चार के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण में लीन रहे। यह धार्मिक आयोजन गुड्डू महाराज के मार्गदर्शन में सुव्यवस्थित और अनुशासित रूप से संपन्न हुआ। कथावाचक ने सत्यनारायण भगवान की महिमा का वर्णन करते हुए धर्म, सत्य और भक्ति के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कथा के प्रत्येक प्रसंग पर श्रद्धालुओं ने सत्यनारायण भगवान की जय के जयघोष से वातावरण को गुंजायमान किया। इस अवसर पर श्यामा देवी, सुशील तिवारी, प्रमिला तिवारी, सुधांशु मिश्र, अन्नू मिश्र, बाबा तिवारी, गीता तिवारी, संजीव तिवारी, प्रियंका तिवारी, आकाश तिवारी, प्राची तिवारी, अविनाश मिश्र, शानवी मिश्र, आदर्श तिवारी, संस्कार तिवारी मौजूद रहे।

## एक माह के कल्पवास का संकल्प पूरा एक-दूसरे से बिछड़ने का गम





**जंघई।** प्रयागराज में माघ पूर्णिमा के साथ एक महीने का कल्पवास पूरा हो गया पौष पूर्णिमा से संगम किनारे बसे कल्पवासी अपने अपने घर लौट गए। त्याग, तपस्या और विपरीत परिस्थितियों में भी धार्मिक अनुष्ठान करते रहने की जिजीविषा यानी कल्पवास का कठिन संकल्प शनिवार को पूरा हो गया। रविवार को माघ पूर्णिमा स्नान और पूजन के बाद कल्पवासी, तंबुओं में लगी गृहस्थी समेट कर घर परिवार में लौटने लगे हैं। एक माह तक शिविरों में रह रहे लोग एक-दूसरे से परिवार की तरह जुड़ गए थे विदा होने के दौरान उनकी आंखों में बिछड़ने का गम भी नजर आ रहा है। उल्लेखनीय है कि पौष पूर्णिमा से माघ मेला में कल्पवास का शुभारंभ हुआ था पहले दिन से ही उत्साह में जो लहरें आईं, भजन-कीर्तन, दान-दक्षिणा, सत्य नारायण कथा, भोजन भंडारा कराते और शिविरों में संकीर्तन करते कल्पवासियों की दिनचर्या उसी तरह से बीती। जिनके कल्पवास का वार्षिक संकल्प पूरा हुआ उन्होंने सामर्थ्य के अनुसार अपने तीर्थ पुरोहितों को जीते जी सेजिया दान किया। एक माह तक वैदिक परंपरा का किया निर्वहन माघ मेला क्षेत्र में पौष पूर्णिमा से कल्पवासियों के शिविरों में जप-तप, दैनिक गंगा स्नान, एक समय भोजन, दो समय पूजा, जागने-सोने और जीवन जीने की वैदिक परंपरा का निर्वहन होने लगा। एक ही स्थान पर विभिन्न जिलों के लोग आकर कल्पवास के लिए बसे, कुछ पुराने लोगों से मिलन हुआ तो नए कल्पवासियों से भी भेंट हुई सभी ने मिलजुल कर एक संस्कारी परिवार की तरह बिताया। माघी पूर्णिमा पर स्नान के बाद घर जाने वालों को गंगा जी की गोद से दूर होने का कष्ट है। गंगा कल्पवास आश्रम गंगोली शिवाला मार्ग, तुलसी चौराहा में गुड्डू महाराज के शिविर में रविवार से ही कल्पवासियों के बोरिया बिस्तर बंधने लगे थे गृहस्थी में रसोई के सामान, बर्तन, बक्से, वस्त्र, पूजा घर, खानपान की सामग्री और रजाई गद्दे आदि को वापस ले जाने के लिए कल्पवासियों के परिवार के लोग भी आ गए संकल्प हालांकि माघी पूर्णिमा स्नान तक पूरा होने की मान्यता है तत्पश्चात अपने घर लौटते हैं।

## पुत्र के आने के बाद हुआ दाह संस्कार,बड़े पुत्र नें मुख अग्नि

**फॉलोअप**



**लालापुर।** क्षेत्र के मदुरी गाँव में सोमवार को रिटायर्ड दरोगा रामरतन मिश्र उम्र 77 वर्ष की सोमवार को सुबह हत्या हुई।घटना उस वक्त हुआ जब रोज की तरह सुबह उठ कर किचन में जाकर चाय बना कर पीते थे उन्हें क्या बता था क्या होगा लेकिन हत्या करने की नियत से हत्यारे आए थे की लूट यह अभी भी जांच का विषय बना हुआ है।मृतक के पुत्र संजय मिश्र विजय मिश्र दोनों भाई मुंबई में थे घटना के बारे में जानकारी होने के बाद मृतक के दोनो पुत्र संजय मिश्र और विजय मिश्र दोनों पुत्र आनन फानन वहाँ से निकले और मंगलवार को दोपहर प्रयागराज पहुंचे उसके बाद पिता को देख कर दिल दहाल गया और रोने लगे।उनके मुख से एक ही आवाज निकलता था कौन मारा मेरे पापा को परिवार के परिजनों नें संजय और विजय को डाहस दिए कहाँ की पुलिस हत्यारे को नहीं छोड़ेगी जिसने भी यह अपराध किया पुलिस नहीं छोड़ेगी। इधर जिस घर में रिटायर्ड दरोगा मृतक रामरतन मिश्र रहते थे लालापुर पुलिस छानबीन के लिए सील कर दिया। सोमवार के दिन परिजनों नें सिसिटीबी कैमरे को देखने के बाद बॉडी को पोस्टमाटम के लिए प्रयागराज जाने दिए मंगलवार के दिन पोस्टमाटम दोपहर होने के बाद प्रयागराज रसूलाबाद घाट पर अंतिम संस्कार हुआ बड़े बेटे विजय नें मुखअग्नि दिए।

### तहरीर के आधार पर कार्यवाही की मांग।

लालापुर क्षेत्र में मदुरी गाँव में रिटायर्ड दरोगा मृतक रामरतन मिश्र की हत्या और लूट की घटना की तहरीर लालापुर थाने में दिए परिजनों नें कहाँ की आरोपी कोई भी छोड़िएगा नहीं। तहरीर के आधार पर लालापुर पुलिस सर्विलांस टीम ऐसोजी टीम लगी हुई है जांच के उपरांत कई सन्धिधों को पुलिस और ऐशोजी की टीम हिरासत में लिए है और पूछताछ जारी है। लालापुर थानाप्रभारी अनुभव सिंह कहाँ की तहरीर के आधार पर कार्यवाही होंगी।फिलहाल तीन को उठाया गया है पूछताछ चल रही है जल्द ही आरोपी की पहिचान कर कार्यवाही की जाएगी।

## सब ए बरात का त्यौहार मनाया गया

**कोरांव।** शबे बरात का त्यौहार मुस्लिम भाषियों ने अकीदत के साथ मनाया। हालांकि त्यौहार का मजा मौसम के बदले मिजाज ने खराब कर दिया। सब ए बरात का इस्लाम में आध्यात्मिक रूप से एक बहुत ही खास महत्व है। और अपने गुनाहों की माफी मांगने तौबा करने रिज्क की खोदा से दरख्वास्त के लिए अहम माना गया है। शबे बरात का त्यौहार हजरत आवेश करनी रजीअल्लाह ताला अनहो की याद में उनके नाम पर नबी के तुफैल सदके में फातेहा नेयाज लोगों ने कराया। और सभी अपने मरहूमों पुरखों वालीदेंनों की मगफिरत के लिए दुआएं पढ़ी करानी आयतों को पढ़ कर बख्शा गया। और रात भर विशेष नमाज नफील पढ़ पढ़ कर लोगों ने सबे कद्र में जाग कर इबादतें की अपने और अपने खानदान समुदाय तथा पूरे मुल्क की तरक्की अमन चैन के लिए दुआएं की। और खोदा से अपने जिंदा मुर्दों की मगफिरत के लिए दुआएं की। तरक्की और रिज्क की दुआएं की।

## समावेशी शिक्षा को लेकर सहसों में पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन, दिया गया दिशा निर्देश



**सहसों।** ब्लॉक संसाधन केंद्र सहसों में दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पांच दिवसीय ब्लॉक स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस प्रशिक्षण में विकास खंड सहसों के 35 परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के दूसरे दिन मंगलवार को खंड विकास अधिकारी रामवीर सिंह पाल एवं खंड शिक्षा अधिकारी वरुण कुमार मिश्रा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि कक्षा में दिव्यांग बच्चों को ऐसा स्नेह और सहयोग मिलना चाहिए, जिससे वे स्वयं को अन्य बच्चों से अलग महसूस न करें। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा में लाने में शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों की भी अहम भूमिका होती है। अधिकारियों ने यह भी निर्देश दिया कि समर्थ ऐप पर दिव्यांग बच्चों की प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज की जाए तथा सभी विद्यालयों में उनके लिए रैम्प की अनिवार्य व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रशिक्षण में नोडल एआरपी महेश प्रताप यादव, कमल यादव, शिव अवतार साहू एवं मनोज यादव, स्पेशल एजुकेटर धीरेंद्र कुमार एवं प्रदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि बच्चों को शिक्षा देने से पहले यह पहचान करना आवश्यक है कि बच्चा किस प्रकार की दिव्यांगता की श्रेणी में आता है, ताकि उसकी आवश्यकता के अनुसार शिक्षण कार्य किया जा सके।

इस अवसर पर शिखा पांडेय, रवि दुबे, राज कुमार गिरि, अशेषानंद, संजय कुमार, मोहम्मद अख्तर, राकेश यादव, रीता देवी, मनोज मौर्या, अरूण वर्मा, लल्लन सिंह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## मुख्य न्यायमूर्ति ने डिजिटल न्याय की दिशा में बढ़ाया कदम, कई ई-पोर्टल और प्रणालियों का किया शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली ने सोमवार को उच्च न्यायालय के सभागार में नव विकसित डिजिटल पोर्टलों और ई-प्रणालियों का वर्चुअल उद्घाटन किया। इन पहलों का उद्देश्य न्यायिक कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और तकनीक-सक्षम बनाना है।उद्घाटन समारोह में प्रशासनिक समिति, कम्प्यूटरीकरण समिति और पुस्तकालय समिति के सदस्य न्यायमूर्ति महेश चन्द्र त्रिपाठी, न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा, न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन, न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा, न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह, न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा, न्यायमूर्ति पंकज भाटिया, न्यायमूर्ति राज बीर सिंह, न्यायमूर्ति विकास बुधवार, न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान तथा न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला न्यायालयों और चयनित तालुका न्यायालयों में स्थापित किए गए ई-सेवा केंद्रों का भी शुभारंभ किया गया। इन केंद्रों पर वादी बिना किसी शुल्क के विभिन्न ई-सेवाओं और कानूनी सहायता का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

इसके अलावा DISHA पोर्टल, स्टेशनरी इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम (SIMS), जिला हार्डवेयर इन्वेंटरी पोर्टल, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड (पायलट परियोजना–जिला न्यायालय, वाराणसी), डिजिटल ऑर्डर शीट मॉड्यूल (पायलट–जिला न्यायालय, वाराणसी), लाइब्रेरी बुक डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम (BDMS) और इलाहाबाद उच्च न्यायालय की साइबर सुरक्षा नीति का भी लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में महानिबंधक मंजीत सिंह श्योराण, रजिस्ट्रार (बजट) पंकज जायसवाल, रजिस्ट्रार (कंप्यूटर) पवन कुमार शर्मा-क् संयुक्त रजिस्ट्रार (सीपीसी) कामेश शुक्ला और संयुक्त रजिस्ट्रार (निरीक्षण) संदीप चौधरी मौजूद रहे। मुख्य न्यायमूर्ति ने कहा कि ये डिजिटल पहलें उत्तर प्रदेश के उच्च न्यायालय और जिला न्यायालयों में न्यायिक प्रशासन को अधिक सुगम, सुरक्षित और आधुनिक बनाएंगी। समारोह में बड़ी संख्या में उच्च न्यायालय के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## कौंधियारा की युवती संगम से लापता, परिजनों में मचा हड़कंप



कोमल मिश्र(22)

**प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र की एक युवती के माघ मेला के दौरान संगम से लापता होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार ग्राम निरौधा, पोस्ट बढ़हा निवासी कृष्णमूर्ति मिश्र की 22 वर्षीय पुत्री कोमल मिश्रा शनिवार को अपने भाई और बहन के साथ संगम नोज पर स्नान करने आई थीं। बताया गया कि तीनों ने एक साथ स्नान किया, लेकिन स्नान के दौरान ही कोमल मिश्रा अचानक परिजनों से बिछड़ गईं। काफी देर तक खोजबीन के बावजूद युवती का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद परिजनों ने दारागंज थाने में गुमशुदगी की सूचना दी। कोमल मिश्रा का रंग गोरा बताया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फाफामऊ में खेल दिवस व पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, फाफामऊ में वार्षिक खेल दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रयागराज शहर उत्तरी के विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में संयुक्त शिक्षा निदेशक आर.एन. विश्वकर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक पी.एन. सिंह ने की।समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात छात्राओं ने स्वागत गीत एवं मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मंच संचालन श्रीमती अर्चना तिवारी एवं गुंजन सिंह द्वारा किया गया।

प्रधानाचार्या नीलम मिश्रा ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मान किया तथा स्मृति चिह्न प्रदान किए। उन्होंने स्वागत संबोधन के साथ विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सह जिला विद्यालय निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह, विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य मोहम्मद रफीक, प्रवीण सिंह, रवि भूषण, प्रतिज्ञा चौहान, नीलम चतुर्वेदी सहित स्थानीय पार्षद, गणमान्य नागरिक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

संयुक्त शिक्षा निदेशक आर.एन. विश्वकर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके सर्वांगीण विकास पर बल दिया और शैक्षिक, खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां छात्राओं के व्यक्तित्व निर्माण में सहायक होती हैं।

मुख्य अतिथि विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी ने अपने उद्बोधन में कहा कि विकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण में छात्राओं और महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। साथ ही विद्यालय के विकास हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेलकूद, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके साथ ही शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को भी स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रमों की अतिथियों ने मुक्त कंठ से सराहना की।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में खेल प्रभारी सुनीता, कार्यक्रम प्रभारी वंदना तिवारी, ऋतंभरा शुक्ला, सत्या जायसवाल, प्रियंका चौहान, सुनीता गौतम, पूजा कुमारी, मनीषा गुप्ता, अर्चना कुमारी, ममता मिश्रा, रीना पटेल, वर्तिका, विशाल कुशवाहा, अरुणेश मिश्र एवं सिद्धार्थ का सराहनीय योगदान रहा। अंत में प्रधानाचार्या नीलम मिश्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## यूपी बार काउंसिल चुनाव में हंगामा : महिला अधिवक्ता ने थाने में आत्मदाह की कोशिश की, माचिस जलाते ही पुलिस ने रोका

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** यूपी बार काउंसिल चुनाव की मतदान प्रक्रिया के दौरान प्रयागराज में सोमवार को जमकर हंगामा और मारपीट हुई। घटना से आक्रोशित बार काउंसिल सदस्य पद की उम्मीदवार महिला अधिवक्ता सिविल लाइंस थाने पहुंच गईं और वहां आत्मदाह करने का प्रयास किया। गनीमत रही कि समय रहते महिला पुलिसकर्मी ने उन्हें रोक लिया।

महिला अधिवक्ता श्रद्धा शुक्ला का आरोप है कि चुनाव प्रचार के दौरान उनके साथ मारपीट की गई, लेकिन पुलिस उनकी शिकायत दर्ज नहीं कर रही थी। इसी से नाराज होकर वह थाने में माचिस और ज्वलनशील पदार्थ लेकर बैठ गईं। उन्होंने साफ कहा कि जब तक आरोपी प्रत्याशी के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं होगा, तब तक वह थाने से नहीं जाएंगी। सुनवाई न होने पर उन्होंने माचिस जलाकर खुद को आग लगाने की कोशिश की, तभी मौजूद महिला पुलिसकर्मी ने तत्काल हस्तक्षेप कर उन्हें बचा लिया।

## सड़क किनारे खड़ी मालवाहक को कार सवार ने मारा टक्कर, दोनों वाहन हुए क्षतिग्रस्त, कार चालक गंभीर

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के जेल रोड चौराहे के पास सोमवार आधी रात सड़क किनारे खड़ी मालवाहक से कार सवार जा भिड़ा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के आगे का पूरा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे स्थानीय लोगों ने 108 की मदद से अस्पताल भिजवाया। जबकि उसका साथी हादसे के बाद घटना स्थल से भाग गया। जानकारी के अनुसार चक रघुनाथ जेल चौराहा निवासी मोहम्मद जावेद उर्फ गुड्डू प्रतिदिन की तरह अपनी मालवाहक को घर के बाहर खड़ी कर दिए थे। रात करीब डेढ़ बजे के आस-पास नैनी की ओर से चौराहे की तरफ जा रही एक कार तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित होकर उनकी मालवाहक में जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों गाड़ियों के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। तेज आवाज सुनकर घर से लोग बाहर निकले तो देखा कि कार में चालक फंसा हुआ था। उन्होंने चालक को बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया। सूचना पर नैनी पुलिस पहुंची लेकिन जांच पड़ताल कर वापस चली गई।

## केंद्रीय बजट को लेकर मेजा के दिग्गज भाजपाई व समाजसेवियों ने व्यक्त की अपनी प्रतिक्रिया

**कहा - यह बजट देश की आर्थिक सुदृढ़ता, समावेशी विकास और समाज के प्रत्येक वर्ग तक अवसर पहुंचाने की स्पष्ट रूप रेखा जहां प्रस्तुत करता है वहीं आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को गति देने वाला राष्ट्र निर्माण में एक सशक्त और दूरदर्शी कदम है।**

**अखंड भारत संदेश**



वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेमशंकर सिंह



समाजसेवी जयशंकर शुक्ला



भाजपा युवा मोर्चा जिलामंत्री राहुल मिश्रा



पूर्व ब्लाक प्रमुख मुन्नन शुक्ला

**मेजा।** भारत सरकार की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए गिरिराज चैरिटेबल के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता समाजसेवी प्रेमशंकर सिंह ने देश के यशश्वी पीएम मोदी और भारत सरकार की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताते हुए सराहना किया है। उन्होंने कहा कि यह बजट देश के युवा शक्ति को समर्पित बजट है। श्री सिंह ने आगे कहा कि सेमी कंडक्टर क्रांति, एवीजीसी सेक्टर, नए इकोनॉमिक जोन, गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण , निजी विश्वविद्यालयो को मदद, क्रिएटिव टेक्नोलोजी, स्टार्टअप व्यापार सहित कई योजनाओं के कारण यह बजट देश के युवाओं को सशक्त करने वाला ऐतिहासिक बजट है। उनका मानना है कि केंद्रीय बजट में उत्तर प्रदेश के लिए बड़ी घोषणाएं हुई है। इन घोषणाओं के चलते केंद्रीय करों में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी बढ़ेगी। इसी क्रम में अवादा ग्रुप के डायरेक्टर एवं समाजसेवी जयशंकर शुक्ल (जय भईया जी) ने कहा कि केंद्रीय आम बजट में देश के युवाओं और रोजगार को केंद्र में रखा गया है। स्टार्टअप, औद्योगिक निवेश और नई तकनीक को बढ़ावा देकर सरकार ने रोजगार सृजन की मजबूत नींव रखी है। प्रयागराज में औद्योगिक नोड की घोषणा क्षेत्र के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगी इससे स्थानीय युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। भाजपा युवा मोर्चा के युवा जिलामंत्री राहुल मिश्रा ने देश यशस्वी पीएम मोदी और वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताते हुए इस बजट को आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने वाला बजट बताया और कहा कि दिल्ली वाराणसी और मुंबई वाराणसी हाई स्पीड कॉरिडोर के लिए मंजूर बजट से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नया एआईआईएमएस खुलेगा। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में आगे कहा कि बुंदेलखंड के युवाओं को आईआईटी की सौगात मिली है। प्रयागराज में नए औद्योगिक नोड के लिए विशेष फंड जेवर एयरपोर्ट के पास देश के पहले सेमीकंडक्टर डिजाइन और विनिर्माण पार्क को हरी झंडी लखनऊ में एआई सिटी विकसित करने के लिए बजटीय सहायता वाराणसी में एकीकृत लॉजिस्टिक हब का निर्माण होगा। भाजपा नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रेमशंकर उर्फ मुन्नन शुक्ला ने पेश किए गए आम बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया में पीएम मोदी और भारत सरकार की वित्तमंत्री की बेहद प्रशंसा किया है और इस बजट को माध्यम वर्ग के लोगों के राहत पहुंचाने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे के विस्तार और औद्योगिक गलियारों के लिए ?22,500 करोड़ का अतिरिक्त ऋण,हापुड़ और सहारनपुर में एग्री-एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन की स्थापना, लखनऊ, कानपुर और आगरा मेट्रो के अगले चरणों के लिए ?32,075 करोड़ का आवंटन हुआ है जिसको लेकर उन्होंने देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का विशेष आभार प्रकट किया और कहा कि प्रयागराज में औद्योगिक नोड के लिए विशेष पैकेज देने के लिए समस्त प्रयागराज वासियों की तरफ से अभिनंदन है। उन्होंने कहा कि यह बजट से भारत के युवाओ के लिए रोजगार के नए अवसर का द्वार खोलने वाला बजट है।

## मण्डलायुक्त/रोल ऑब्जर्वर द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य का किया स्थलीय निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त/रोल ऑब्जर्वर सौम्या अग्रवाल द्वारा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र इलाहाबाद उत्तर के मैरी लुकस स्कूल एंड कॉलेज (बूथ संख्या 260 से 266), ज्वाला देवी इंटर कॉलेज (बूथ संख्या 246 से 250) तथा फाफामऊ विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय थरवई (बूथ संख्या 394 से 397) में बनाए गए बूथों का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित बूथ लेवल अधिकारियों से अनमैप्ड मतदाताओं तथा डिफेक्टिव फोटो वाले प्रकरणों की जानकारी ली साथ ही तार्किक विसंगति (लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी) के अंतर्गत मैपिंग की आवश्यकता वाले मतदाताओं को नोटिस निर्गत करने तथा उनकी सुनवाई से संबंधित की जा रही कार्यवाही के बारे में भी पूंछा। उन्होंने सभी बीएलओ एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एईआरओ) द्वारा दी गई कई सूचनाओं का गणना प्रपत्रों से सत्यापन करते हुए किसी भी माध्यम से (ऑफलाइन अथवा ऑनलाइन) घोषणा पत्र के साथ फार्म-6 प्राप्त होने पर उन्हें तत्काल अपलोड कराते हुए फील्ड वेरिफिकेशन रिपोर्ट समय से जमा कराने के निर्देश दिए। मतदाता सूची में नाम, आयु, लिंग आदि संबंधित त्रुटि के पाए जाने पर संशोधन हेतु फार्म-8 घोषणा-पत्र के साथ भरवाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने आलेख्य मतदाता सूची में फोटो धुंधली, काली, आकार में छोटी या अत्यधिक पुरानी होने पर बीएलओ को बीएलओ ऐप के माध्यम से अपडेट करने के निर्देश दिए । उन्होंने बताया कि इसके लिए किसी प्रकार के दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है ।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी बूथों पर बूथ सुपरवाइजरों एवं संबंधित उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे डेटा एंट्री एवं सत्यापन कार्यों में बीएलओ की सतत सहायता करें तथा आवश्यकता अनुसार उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करते रहें, ताकि निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण कार्य सुचारु, समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जा सके।निरीक्षण के पश्चात मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारी कार्यालय स्थित संगम सभागार में समस्त राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के संबंध में बैठक की तथा उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया है ।

## उत्तर प्रदेश शासन के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती देगा शुआट्स

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप सं0 3830260(1)/2026-कृशिअ-67-1001(003) /29/2019 दिनांकित 03-02-2026 द्वारा शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति के संबंध में 15 दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है तथा विश्वविद्यालय से हटाये गये 53 शिक्षकों की बहाली के सम्बन्ध में निर्देश निर्गत किये गये हैं। शुआट्स मीडिया कमेटी के चेयरमैन डा. रमाकान्त दूबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि शासन के उक्त आदेश के सम्बन्ध में मा0 उच्च न्यायालय के विद्वान अधिवक्ता से विधिक राय प्राप्त की गई तथा उत्तर प्रदेश शासन के कार्यालय ज्ञाप के विरूद्ध मा0 उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल किये जाने का निर्णय लिया गया।

यह कि शूआट्स में सभी नियुक्तियां निर्धारित मानकों का पालन करते हुए स्टेट्यूटस में प्रावधानित नियमों के तहत की गई है। तथापि, नियुक्ति संबंधित समस्त अभिलेख एवं स्पष्टीकरण निर्धारित अवधि में शासन को उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

विश्वविद्यालय में कई विभागों में 90 प्रतिशत से अधिक सीटें रिक्त होने के कारण एवं गंभीर वित्तीय समस्याओं के मद्देनजर, स्टेट्यूटस में प्रावधानित नियमों के तहत शिक्षा परिषद, बोर्ड आफ मैनेजेन्ट तथा विश्वविद्यालय की सर्वोच्च संस्था सीनेट के अनुमोदन के उपरांत 10 विभाग को बंद करके 53 शिक्षकों की सेवाएं समाप्त की गई हैं। संबंधित विभाग में कोई एडमिशन नहीं लिया गया है। इन शिक्षकों के वेतन हेतु यदि उत्तर प्रदेश शासन से अनुदान स्वीकृत किया जाता है तो विश्वविद्यालय को बंद किए गए विभागों को पुनः खोलने में कोई आपत्ति नहीं है।

यह कि 53 प्राध्यापकों को हटाए जाने के संबंध में मामला मा० उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। उच्च न्यायालय के निर्णय के पूर्व उनकी पुनःनियुक्ति विश्वविद्यालय में किया जाना संभव नहीं है। तथापि, शिक्षकों की नियुक्ति के संबंध में उच्च न्यायालय का जो भी निर्णय होगा विश्वविद्यालय को स्वीकार होगा।

## केंद्रीय बजट को लेकर वरिष्ठ बसपा नेता चांद मोहम्मद चंदू ने व्यक्त की अपनी प्रतिक्रिया

**कहा - यह बजट देश की आर्थिक सुदृढ़ता, समावेशी विकास और समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए अवसर पहुंचाने वाला नहीं बल्कि केंद्र में सत्ताधारी भाजपा सरकार का लॉलीपॉप है इस बजट से राष्ट्र आत्मनिर्भर नहीं बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर होगा।**



वरिष्ठ बसपा नेता चांद मोहम्मद उर्फ चंदू

**मेजा।** भारत सरकार की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मांडा भारतगंज के वरिष्ठ बसपा नेता एवं समाजसेवी चांद मोहम्मद चंदू ने कहा कि संसद में पेश किया गया बजट लॉलीपॉप है। उन्होंने कहा कि यह बजट देश के युवाओं के लिए छलावा है। श्री चंदू ने आगे कहा कि सेमी कंडक्टर क्रांति, एवीजीसी सेक्टर, नए इकोनॉमिक जोन, गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण, निजी विश्वविद्यालयो को मदद, क्रिएटिव टेक्नोलोजी, स्टार्टअप व्यापार सहित कई योजनाएं देश के पीएम मोदी और वित्तमंत्री के आपसी सांठ गांठ का जुमला है। उनका मानना है कि केंद्रीय बजट में उत्तर प्रदेश के लिए हुई घोषणाएं सरकार का केवल मात्र दिखावा है। उन्होंने केंद्रीय बजट को बजट नहीं सिर्फ लॉलीपॉप बताया और कहा कि यह बजट माध्यम वर्ग के लोगों के लिए राहत पहुंचाने वाला बजट नहीं बल्कि उनके साथ छल करने वाला बजट पेश किया गया है।

## शिक्षा के साथ साथ बच्चों के लिए स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता कराना है बेहद अहम : अभिनव उपाध्याय

- मेजा के बगहा सिरसा स्थित सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त एमएल पब्लिक स्कूल में पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आगाज
- स्कूल के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद गुप्ता और प्रबंधक वेद प्रकाश गुप्ता ने प्रतिभागी बच्चों का किया उत्साहवर्धन और खेल को खेल की भावना से खेलने को किया प्रेरित

**अखंड भारत संदेश**



पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन करते चौकी प्रभारी अभिनव उपाध्याय

**मेजा।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त मेजा तहसील क्षेत्र के बगहा सिरसा स्थित एमएल पब्लिक स्कूल में मंगलवार को पांच दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया जिसके मुख्य अतिथि रामनगर चौकी प्रभारी अभिनव उपाध्याय और विशिष्ट अतिथि कारगिल युद्ध विजेता सैनिक शिवराज गुप्ता रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ कारगिल युद्ध विजेता सैनिक शिवराज गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि चौकी प्रभारी रामनगर अभिनव उपाध्याय ने फीता काटकर प्रतियोगिता की शुरूआत कराया और कहा कि शिक्षा के साथ साथ बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता कराना बेहद अहम है क्योंकि खेलकूद से बच्चों का न केवल शारीरिक बल्कि उनका मानसिक विकास भी होता है। गौरतलब है कि पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के प्रथम दिन बालिका वर्ग में खो खो प्रतियोगिता यलो और ग्रीन हाउस के मध्य कराई गई जिसमें ग्रीन हाउस ने प्रतियोगिता में जीत हासिल किया। इसके बाद दूसरा खेल रेड और ब्लू हाउस के बीच खेला गया जिसमें रेड हाउस ने ब्लू हाउस को पराजित कर जीत दर्ज कराया। उल्लेखनीय है कि खो खो प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रेड हाउस और ग्रीन हाउस के मध्य 21 प्वाइंट का खेला गया जिसमें ग्रीन हाउस ने 8 प्वाइंट से जीत अपने नाम दर्ज कराया रेड हाउस की कैप्टन अनुराधा यादव और ग्रीन हाउस की कैप्टन आशी केशरी रही। प्रतियोगिता के दौरान स्कूल के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद गुप्ता और प्रबंधक वेद प्रकाश गुप्ता ने भी बच्चों को प्रोत्साहन देते हुए खेल को खेल की ही भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य सतीश उपाध्याय,शिक्षक गौरव पांडेय, लवलेश यादव, कमलेश शर्मा, नवदीप यादव, अविनाश, मनोज, रिशु, विपुल यादव, विपिन शुक्ला, प्रभांशु दुबे, दिव्यांशु गुप्ता, मोहन मिश्रा, विजय जैसल, आकाश गुप्ता, नेहा गुप्ता, सविता शुक्ला, इति सिंह, पूजा त्रिपाठी, सतीश चंद्र गुप्ता तथा लल्लन आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## रिमझिम बारिश से ठंड और गलन बढ़ी: फसलों को नुकसान की आशंका, स्वास्थ्य पर भी असर

**मांडा।** मंगलवार दोपहर बाद हुई रिमझिम बारिश ने अचानक ठंड और गलन बढ़ा दी है। मौसम में आए इस बदलाव से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं, वहीं किसानों और आम जनता में चिंता बढ़ गई है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख मांडा "अशोक सिंह"ने मौसम के बदलते मिजाज पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर के कहर से किसानों का फायदा, नुकसान वही समझ पाएंगे कि किसानों को क्या देना है ' भारतीय किसान मजदूर यूनियन के हरि शंकर सिंह पटेल ने बताया कि बूंदाबांदी से मसूर और सरसों जैसी फसलों को नुकसान होने की आशंका है। इससे इन फसलों की पैदावार प्रभावित हो सकती है। मौसम के इस उतार-चढ़ाव का असर स्वास्थ्य पर भी दिख रहा है। स्वास्थ्य केंद्रों में सर्दी, जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या में इजाफा दर्ज किया गया है। वहीं गौशालाओं में बेजुबा पशु भी खुले आसमान के नीचे अपनी दयनिकता पर आंसू बहा रहे हैं। अधीक्षक डॉ. अजीत सिंह ने बताया कि बदलते मौसम के कारण सर्दी-जुकाम के मामले बढ़ रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों को इस मौसम में अतिरिक्त सावधानी बरतने और गुनगुना पानी पीने की सलाह दी है।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन सत्यापन की अंतिम तिथि 7 फरवरी, विश्वविद्यालयों को निर्देश

**जिला प्रशासन ने सभी संबंधित संस्थानों से समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की है,**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** वित्तीय वर्ष व शैक्षिक सत्र 2025-26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति योजना (कक्षा 11 व 12 को छोड़कर) के तहत अन्य दशमोत्तर कक्षाओं के लिए विश्वविद्यालयों और संबद्ध एजेंसियों को ऑनलाइन सत्यापन की प्रक्रिया तय समय में पूरी करनी होगी। शासन की ओर से इसकी अंतिम तिथि 7 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कोमिल द्विवेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय/ एफिलियेटिंग एजेंसी के नोडल अधिकारी द्वारा संबंधित शिक्षण संस्थाओं, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम के प्रकार, सीटों की संख्या और निर्धारित फीस का विवरण ऑनलाइन अंकित कर डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से सत्यापन किया जाना अनिवार्य है।उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन द्वारा तय अंतिम तिथि तक हर हाल में यह प्रक्रिया पूरी की जाए। यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन सत्यापन नहीं किया गया और इसके चलते पात्र छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति या शुल्क प्रतिपूर्ति से वंचित होते हैं, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विश्वविद्यालय अथवा एफिलियेटिंग एजेंसी की होगी।

जिला प्रशासन ने सभी संबंधित संस्थानों से समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की है, ताकि छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ निर्बाध रूप से मिल सके।

# शिक्षा के क्षेत्र में स्व. मेवालाल वर्मा ने किया अमूल्य योगदान : विधायक विनोद सरोज

## स्व. मेवालाल वर्मा की जयंती पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों दी मनमोहक प्रस्तुति

**अखंड भारत संदेश**




**कुंडा।** बाबागंज ब्लॉक के मालाधर छत्ता स्थित परमेश्वर प्रसाद मेवालाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को संस्थापक एवं पूर्व प्रधानाचार्य स्वर्गीय मेवालाल वर्मा की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय, मेवालाल परमेश्वर प्रसाद इंटर कॉलेज और बचपन प्ले स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्रबंधक एवं संरक्षक कुलदीप पटेल द्वारा माँ सरस्वती और स्वर्गीय मेवालाल वर्मा के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारंभ हुई। छात्रों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, राधा तेरी चुनरी, देश रंगीला,बसंत गीत सहित देशभक्ति और सामाजिक संदेश से ओतप्रोत प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों की इन प्रस्तुतियों ने न केवल दर्शकों का मन मोह लिया बल्कि पूरे वातावरण को उल्लास और ऊर्जा से भर दिया। बतौर मुख्य अतिथि बाबागंज विधायक विनोद सरोज, ने स्व. मेवालाल वर्मा के शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद करते हुए कहा, स्व. मेवालाल वर्मा ने न केवल इस क्षेत्र को शिक्षा के माध्यम से रोशन किया, बल्कि ग्रामीण बच्चों को भविष्य का सपना देखने का हक भी दिया। उनका जीवन और उनकी सोच आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में जनसत्ता दल के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डॉ. के.एन. ओझा ने स्व. वर्मा को शिक्षा का सच्चा प्रहरी बताते हुए कहा कि उनके प्रयासों से इस क्षेत्र में शिक्षा की क्रांति आई और आज उनकी सोच का परिणाम है कि यहां के बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।संस्थान के संरक्षक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए स्व. वर्मा के योगदान को नमन किया। इस अवसर पर विद्यालय सचिव दुर्गेश पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष माधुरी पटेल, पूर्व प्रमुख हितेश सिंह पंकज, पूर्व प्रमुख वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह,जिला पंचायत सदस्य दिलीप पांडेय, ग्राम प्रधान सुनील कुमार द्विवेदी (पप्पू), प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार, राकेश सिंह, सतीश चंद्र पटेल, जिला पंचायत सदस्य विनोदपटेल,रामसुंदर शर्मा, धीरेंद्र तिवारी, अरविंद यादव, फरीद खान, अन्नू सिंह, कल्लन यादव, सौरभ मिश्रा, लल्ला तिवारी , आयुष सिंह, छात्र नेता प्रांजल त्रिपाठी,सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मारपीट की घटना में आरोपी के खिलाफ केस

**लालगंज।** मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर राजापुर गांव निवासी शमसाद खान पुत्र सिराज खान ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती एक फरवरी की शाम करीब छः बजे उसकी ग्यारह वषीर्या पुत्री अर्शिया बानो गांव के बच्चों के साथ घर के बगल खेल रही थी। आरोप है कि इसी बीच गांव का मुख्तार पुत्र मोबीन वहां पहुंचा और पीड़ित की पुत्री को खेलने से मना करने लगा। न मानने पर आरोपी ने उसे मारापीटा। घटना की जानकारी होने पर उलाहना देने गये पीड़ित को भी आरोपी ने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।




## ढिढुई में बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता ग्रामीणों ने लिया संकल्प

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत ढिढुई की मुसहर बस्ती में जागरूकता कार्यक्रम

**पट्टी/प्रतापगढ़।** तरुण चेतना एवं ए.एच.टी. थाना के संयुक्त तत्वाधान में तथा पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में पट्टी तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत ढिढुई स्थित मुसहर बस्ती में सरकार द्वारा संचालित बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल विवाह को लेकर समुदाय को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ए.एच.टी. थाना के उप निरीक्षक राम चन्द्र राम गुप्ता ने कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और इसमें संलिप्त पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। समाज की जिम्मेदारी है कि वह बाल विवाह जैसी कुरीति को रोकने में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करे। वहीं तरुण चेतना के सह निदेशक हकीम अंसारी ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय है। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास प्रभावित होता है। जागरूक समाज ही बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार कर सकता है। इस अवसर पर दीवान फिरोज सिद्दीकी, कांस्टेबल तौसीफ रजा, आलोक सिंह, प्रदीप कुमार, ग्राम ढिढुई के पूर्व प्रधान आजाद आल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने बाल विवाह न करने एवं रोकने का संकल्प लिया।

# जीरो पावर्टी अभियान के अंतर्गत सभी परिवारों को योजनाओं से लाभान्वित करायें : सीडीओ



**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री सीएम डैशबोर्ड एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर गौशाला एवं चारागाह की भूमि से सम्बन्धित मामलों का निस्तारण कराने तथा विभागीय योजनाओं में लक्ष्यानुसार प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला पूर्ति अधिकारी को जीरो पावर्टी अभियान फेज-2 के अंतर्गत चयनित परिवारों का 07 दिवस के भीतर शत प्रतिशत सत्यापन कराते हुए पात्र परिवारों के योजना आवेदन सुनिश्चित कराने को कहा गया। इसी क्रम में अधिशासी अभियन्ता जल निगम, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों को भी जीरो पावर्टी अभियान के अंतर्गत सभी परिवारों को योजनाओं से लाभान्वित करने की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य को कुंडा क्षेत्र में पट्टे की नीलामी 15 फरवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। सहायक श्रमायुक्त को अटल आवासीय योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य 2035 के सापेक्ष शतप्रतिशत आवेदन समयबद्ध रूप से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में सीडीओ ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में सभी योजनाओं के प्राप्त लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति, पारदर्शी क्रियान्वयन एवं पात्र लाभार्थियों को अधिकतम लाभ प्रदान किया जाये। बैठक में परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए दयाराम यादव, उपायुक्त श्रम रोजगार सन्तोष कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता ग्रा०अभि० विभाग एवं अन्य सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** डम्पर की चपेट में आने से मासूम की हुई मौत की घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के आहरबीहर पूरे वैशन गांव निवासी माया सरोज पत्नी राजू सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दो फरवरी की सुबह करीब पौने बारह बजे उसकी दो वषीर्या पुत्री मान्या सरोज घर के बाहर खेल रही थी। इसी बीच अठेहा से अमेठी की ओर तेज गति से जा रहे डम्पर ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे मान्या की मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि आरोपी अज्ञात डम्पर चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## तीन पर एससीएसटी का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे बलभद्र वीरसिंहपुर गांव की वीरभाईन पत्नी राम आसरे सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती इक्तीस जनवरी की रात करीब साढ़े नौ बजे उसका पुत्र अजीत सरोज अपने घर आ रहा था। आरोप है कि इसी बीच रास्ते मे घात लगाए बैठे गांव के राजेश यादव पुत्र सालिकराम व देवानंद पुत्र घेर्राऊ तथा करन पुत्र राजेश यादव ने हमलावर होकर उसे मारापीटा। आरोपियो ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करके गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मतदाता सूची से पात्र नामों को हटाया जाना लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश : प्रमोद

### सीएलपी नेता मोना ने भी गलत तरीके से सही नाम को काटे जाने पर जतायी चिन्ता

**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने एसआईआर के नाम पर गरीब तबके, अल्पसंख्यकों, दलितों व पिछड़ों के सही नाम मतदाता सूची से हटाए जाने को लोकतंत्र की मजबूती के लिए बड़ा सवाल करार दिया है। सांसद प्रमोद तिवारी तथा सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि एसआईआर में खुली अनियमितता बरती जा रही है। संयुक्त बयान में नेताद्वय ने कहा है कि फार्म-07 के नाम पर लोगों के नाम जानबूझकर कटवाये जा रहे हैं। विधायक आराधना मिश्रा मोना व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि संविधान में हर किसी को मत का अधिकार है और यह लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। संयुक्त बयान में सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक मोना ने कहा है कि यह भाजपा की सोची समझी चाल है जो लोकतंत्र की ताकत को कमजोर करेगा। उन्होने लोगों को सचेत करते हुए कहा है कि वह एसआईआर के अभियान को लेकर सतर्क रहें क्योंकि इस अभियान में जिस प्रकार से लोगों का नाम जानबूझ कर कटवाया जा रहा है, यह भविष्य में सरकारी सुविधाओं से उन्हें वंचित करने का प्रश्नचिन्ह भी लगा गया है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी व पार्टी विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि भाजपा लोकतंत्र की संविधान को ताक पर रखकर हत्या कर रही है। वहीं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने भारतीय हितों के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के द्वारा आपरेशन सिन्दूर में सीजफायर तथा अब टेज्ड डील की घोषणा स्वयं करने की भी कड़ी आलोचना की है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की खामोशी के चलते अमेरिका देश के स्वाभिमान पर लगातार मनचाहा हमला कर रहा है। उन्होने तंज कसा कि लगता है भारत की राजधानी पीएम मोदी की कमजोरी के कारण वाशिंगटन स्थानान्तरित हो गयी है। उन्होने कहा कि भारतीय हितों से जुड़े हर निर्णय की घोषणा आखिर डोनाल्ड टंज्प रोज कैसे किया करते है। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने नेता विपक्ष राहुल गांधी के द्वारा गलवान घाटी को लेकर मुददे को उठाने में सरकार की अडंगेबाजी पर भी हमला बोला है। उन्होने कहा कि भाजपा शासन के कार्यकाल में ही सेनाध्यक्ष रहे नरवणे के द्वारा एक पत्रिका में लेख पर चर्चा करने से भाजपा आखिर क्यूं तिलमिला गयी है। उन्होने कहा कि सरकार को गलवान घाटी की सच्चाई देश के सामने लाया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि देश के प्रति जबाबदेही की जगह भाजपा तत्कालीन सेनाध्यक्ष तक का अपमान करने पर उतर आयी है। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना का संयुक्त बयान यहां मंगलवार को मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

# युवती ने लगाया दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा दर्ज

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के पूरा गांव निवासी एक युवती को घर से उठा ले जाकर दुष्कर्म किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।पीड़िता का आरोप है कि बीते सप्ताह रात करीब 10 बजे वह घर के समीप स्थित बाथरूम में शौच के लिए जा रही थी। इसी दौरान गांव का ही एक युवक अपने दो अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचा और जबरन उसे उठा लिया। आरोप है कि तीनों उसे घर से करीब 50 मीटर दूर एक कमरे में ले गए, जहां उसे बंद कर दिया गया।पीड़िता के अनुसार आरोपी ने असलहा दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और घटना की जानकारी किसी को देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। भय के कारण वह पूरी रात वहीं फंसी रही। किसी तरह रात करीब 3 बजे मौका पाकर वह वहां से भागकर अपने घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी।घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन पीड़िता को लेकर थाना आसपुर देवसरा पहुंचे और प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।इस संबंध में थाना अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मेडिकल परीक्षण, बयान दर्ज कराने सहित अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रायपुर रोड पर चल रहे कार्यक्रम से बिगड़ी यातायात व्यवस्था

### पट्टी कस्बे में दिनभर लगता रहा जामय बारिश में लोग हुए बेहाल

**अखंड भारत संदेश**



**पट्टी।** रायपुर रोड पर आयोजित एक कार्यक्रम के चलते मंगलवार को पट्टी कस्बे की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। सुबह से लेकर देर शाम तक कस्बे के विभिन्न हिस्सों में रुक-रुक कर जाम की स्थिति बनी रही, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

चौक, कोतवाली रोड सहित प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम में फंसे लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए घंटों जूझते नजर आए। इसी बीच दिनभर रुक-रुक कर हो रही बारिश ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दीं। दोपहिया वाहन चालक और पैदल राहगीर बारिश में भीगते हुए जाम से निकलने का प्रयास करते दिखे।स्थानीय लोगों का कहना है कि कार्यक्रम के दौरान यातायात को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल और वैकल्पिक मार्गों की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई थी। इसी वजह से कस्बे की मुख्य सड़कों पर बार-बार जाम लग रहा था। स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और मरीजों को ले जा रहे एंबुलेंस व अन्य आवश्यक सेवाओं के वाहनों को भी जाम के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।बारिश और जाम के संयुक्त असर से व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित रहीं। दुकानदारों का कहना है कि ग्राहकों की आवाजाही कम रही, जिससे कारोबार पर असर पड़ा।स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में ऐसे आयोजनों के दौरान यातायात की पूर्व योजना बनाई जाए और वैकल्पिक मार्गों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आम लोगों को अनावश्यक परेशानियों से न जूझना पड़े।

## शराब की दुकान से हजारों व नकदी व शराब उड़ा ले गये चोर

**प्रतापगढ़।** शराब की दुकान में घुसकर चोर हजारों की नकदी व शराब उठा ले गये। घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के मंगापुर में देशी शराब ठेका की दुकान है। शराब के संचालक विवेक विक्रम सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दो फरवरी की रात अज्ञात चोर शराब की दुकान में घुस आये और अंदर रखी पैंसठ हजार छः सौ रुपए की नकदी तथा हजारों की शराब उड़ा ले गये। चोर शराब की दुकान में रखे इन्वेंटर व कैमरे की एलसीडी भी उठा ले गये। सूचना पर पहुंची डायल एक सौ बारह पुलिस जांच के बाद लौट गयी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। शीघ्र ही घटना का राजफाश किया जाएगा।

# वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन पर जताया शोक



**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रानीगंज के द्वारिकापुर निवासी पूर्व ए डी जी सी फौजदारी अधिवक्ता विपिनचन्द पाण्डेय का उनके विवेक नगर स्थित शहरी आवास पर लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह पच्चासी वर्ष की आयु तक नित्य नियम से कचेहरी आते रहे। उनकी यादों को साझा करते हुए अधिवक्ता कथाकार प्रेम कुमार त्रिपाठी ने बताया वे कचेहरी शेड्यूल में डेढ़ बजते ही अपने अधीनस्थ साथियों जूनियर अधिवक्ताओं से कहते कि इट इज प्रॉपर टाइम टू टेक ए बेयर कप ऑफ टी, उनकी यह टैग लाइन अब सिर्फ स्मृतियों में रहेगी। अधिवक्ता राजकिशोर त्रिपाठी ने कहा कि सिर्फ गवाह का बयान पढ़कर ही हत्या के मुकदमे में जिरह करने का कलेजा सिर्फ उनमें ही था। उनके परलोक गमन पर कलेक्ट्रेट परिसर में शोकसभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। शोक सभा में वरिष्ठ अधिवक्तागण राजकिशोर त्रिपाठी, प्रेम कुमार त्रिपाठी, अमित शुक्ल, कार्तिकेय मिश्रा, सुमित पाण्डेय, चंद्रेश मिश्रा, असलम खान, राम आसरे शर्मा, सूर्य प्रकाश, शिवम मिश्र, प्रदीप चतुर्वेदी, दीपक पाण्डेय, सिनोद सिंह, गोविन्द मौर्य, आनन्द प्रकाश आदि रहे।

# एसडीओ विद्युत ने किया उपकरणों का निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** विद्युत उपकेंद्र जेठवारा की आपूर्ति रोस्टर के अनुसार सुनिश्चित करने के लिए उप मंडल अभियंता करुणेश प्रताप सिंह ने उपकेंद्र के फीडर व अन्य उपकरणो का बारीकी से निरीक्षण कर जिम्मेदार कर्मियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। जेठवारा उपकेंद्र की आपूर्ति सराय भीमसेन मान्धाता से होती है। इसी उपकेंद्र से एक फीडर के जरिए नगर पंचायत डेरवा को भी आपूर्ति दी जाती है। डेरवा एक बड़ा ब्यवसायिक केंद्र भी है। यहां बिजली की आपूर्ति बाधित होने पर उपभोक्ता केंद्र पर शिकायत लेकर पहुंच जाया करते है। मौसम के मिजाज मे आये बदलाव के कारण बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करना काफी चुनौती पूर्ण हो जाया करता है। नगर पंचायत क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति को रोस्टर के अनुसार अनवरत संचालित करने के लिए उप मंडल अभियंता करुणेश प्रताप सिंह ने सभी लाइन मैनो व कर्मचारियों के साथ नगर पंचायत के आपूर्ति फीडर के साथ सभी उपकरणो का निरीक्षण किया और कर्मियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार उपभोक्ताओं को बिजली मुहैया करवाने के उद्देश्य से समय समय पर उपकरणो की निगरानी जरूरी है।

## हादसों पर अंकुश के लगाने के लिये एडीएम ने जारी किए सख्त सुरक्षा निर्देश

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) आदित्य प्रजापति ने जनपद में बढ़ती दुर्घटनाओं और जनहानि को रोकने के उद्देश्य से जनसुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने तहसील स्तर पर संचालित सभी सरकारी एवं निजी निर्माण स्थलों पर विधिवत बैरिकेडिंग, रिफ्लेक्टिव चेतावनी बोर्ड तथा समुचित सुरक्षा संसाधनों की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जिले के समस्त तालाबों, पोखरों एवं जलाशयों के पास चेतावनी बोर्ड लगाए जाने तथा मिट्टी खनन के उपरांत समतलीकरण कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने को कहा गया है, ताकि वर्षा ऋतु में डूबने से होने वाली घटनाओं को रोका जा सके। एडीएम ने उपयोग में आने वाले कुओं को ढकने, निष्प्रयोज्य कुओं को स्थायी रूप से बंद कराने एवं नालों को सुरक्षित ढकने के निर्देश भी दिए हैं। सभी संबंधित विभागों व कार्यदायी संस्थाओं को एक सप्ताह के भीतर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनसुरक्षा से जुड़े इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकराई बाइक, युवक घायल

**पट्टी।** तेरहमील के पास सोमवार रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़ी ट्रक से एक अनियंत्रित बाइक टकरा गई, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।घटना के समय मार्ग से गुजर रहे बजरंग दल के जिला सह संयोजक विनय सिंह, वतन तिवारी सहित अन्य कार्यकताओं ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए तत्काल घायल युवक को अपने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पट्टी पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवक की पहचान प्रतापगढ़ जिले के मीराभवन पूरे ईश्वरनाथ निवासी विक्रम सिंह यादव के रूप में हुई है। बताया गया कि वह पट्टी क्षेत्र में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेरहमील के पास सड़क किनारे खड़ी ट्रक से उनकी बाइक टकरा गई।हादसे में विक्रम सिंह यादव के चेहरे सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए, जहां युवक का इलाज जारी है।




## महिला आयोग की सदस्य करेंगी जनसुनवाई व समीक्षा बैठक

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा का जनपद प्रतापगढ़ भ्रमण कार्यक्रम तय किया गया है। वह दिनांक 05 फरवरी को अपरान्ह 5.30 बजे निरीक्षण भवन प्रतापगढ़ पहुँचेंगी। दिनांक 06 फरवरी को महिला आयोग की सदस्य प्रातः 8 बजे आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण, गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम में सहभागिता करेंगी। इसके पश्चात प्रातः 8.30 बजे वन स्टाफ सेंटर का निरीक्षण करेंगी। पूर्वान्ह 9 बजे डॉ. सोनेलाल पटेल 100 बेड जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगी। इसके बाद पूर्वान्ह 10.30 बजे वृद्धाश्रम चिलबिला तथा पूर्वान्ह 11.30 बजे जिला महिला बंदीगृह का निरीक्षण करेंगी। अपरान्ह 1.30 बजे विकास भवन में महिला आयोग की सदस्य जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक करेंगी। शाम 6 बजे पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता के यहां आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी।

# दो दिन में चार भैंस चोरी कर ले गए गिरोह के सदस्य

**अखंड भारत संदेश**

**भैंस चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों के हाथ कितने लंबे हैं जिससे उन पर कार्यवाही होती नही दिख रही है, सैनी संदीपन घाट कोखराज चरवा सराय अकिल थाना क्षेत्र में भैंस चोरी की हो चुकी है कई घटनाएं**

**कोखराज कौशांबी।** पूरे कौशांबी जिले में भैंस चोर गिरोह घूम घूम कर भैंस चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं गिरोह के सदस्यों का आतंक मचा हुआ है जिससे पशुपालक परेशान हो चुके हैं और घटनाओं को लेकर पशुपालकों में दहशत का माहौल व्याप्त है कहीं ना कहीं रात में भैंस चोर गिरोह के सदस्य पहुंच जाते हैं और भैंस चोरी करके पिकअप वाहन मैजिक वाहन से उठा ले जाते हैं घटनाओं के बाद थाना पुलिस केवल लकीर पीटती रह जाती है बीते कई महीनो के बीच में कई दर्जन भैंस चोरी की घटनाएं होने के बाद भी भैंस चोर गिरोह के सदस्यों तक पुलिस के लंबे हाथ नहीं पहुंचे हैं जिससे पुलिसिया व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं चरवा थाना क्षेत्र के कई घर से बीते महीने भैंस चोर लगभग एक दर्जन भैंस चोरी करके ले गए हैं उसके बाद सराय अकिल थाना क्षेत्र में भी कई घटनाओं को भैंस चोर गिरोह के सदस्यों ने अंजाम दिया था इसके बाद संदीपन घाट थाना क्षेत्र में भी कई भैंस चोरी की घटनाओं को गिरोह के सदस्यों ने अंजाम दिया था मंझनपुर कोतवाली और सैनी कोतवाली क्षेत्र में भी भैंस चोरी की कई घटनाएं हो चुकी है कोखराज थाना क्षेत्र में दो दिनों से लगातार रात में भैंस चोरी की घटनाएं हो रही है 2 दिन के बीच चार भैंस गिरोह के सदस्य उठा ले गए हैं बताया जाता है कि पिकअप और छोटा हाथी मैजिक वाहन लेकर भैंस चोर गिरोह



के सदस्य आधी रात को पहुंचते हैं और रात का फायदा उठाकर के भैंस खोल करके पिकअप मैजिक वाहन से भैंस लेकर फरार हो जाते हैं सुरक्षा के नाम पर पूरे जिले में डायल पुलिस से लेकर विभिन्न प्रकार की पुलिस रात में सड़क में ड्यूटी में लगाई जाती है लेकिन कई महीने से हो रही भैस चोरी की घटनाओ के बाद किसी भी घटना में भैंस चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों को पिकअप मैजिक और छोटा हाथी वाहन के साथ पुलिस नहीं गिरफ्तार कर सकी जिससे पुलिसिया व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है। कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पश्चिम गांव निवासी रवि प्रकाश पुत्र प्यारेलाल के घर पर बंधी भैंस मंगलवार की भोर में चोर खोल ले गए हैं रवि प्रकाश ने मामले की सूचना कोखराज थाना पुलिस और डायल112 पुलिस को दिया है सूचना पाने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची है जांच पड़ताल करने के बाद पुलिस ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है पीड़ित परिवार का कहना है कि उसके घर के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं और सीसीटीवी कैमरे की मदद से भैंस चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों तक पुलिस के लंबे हाथ पहुंच सकते हैं कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढा गांव निवासी पशु पालक विनोद मौर्या की भी रविवार की रात्रि में मैजिक पिकअप वाहन सवार भैंस चोर गिरोह के सदस्य आधी रात में तीन भैंस को खोल ले गए हैं भैंस चोरी की घटना होने के बाद पीड़ित परिवार ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दिया है भैस चोरी की घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है और पुलिस ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है इस घटना का भी खुलासा नहीं हो सका है 2 दिन में चोरी गई चार भैंस की कीमत लगभग साढ़े तीन लाख रुपए बताई जातीहै इसके पहले सैनी कोतवाली क्षेत्र में संदीपन घाट थाना क्षेत्र में चरवा थाना क्षेत्र में सराय अकिल थाना क्षेत्र में भी भैंस चोरी की कई घटनाएं हुई है लेकिन भैंस चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं हो सका है आखिर भैंस चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों के हाथ कितने लंबे हैं जिससे उन पर कार्यवाही होती नहीं दिख रही है।

## न्यूज झरोखा

### बैंक ऑफ बड़ौदा की बीसी प्वॉइंट से लाखों का सामान उठा ले गए चोर



**कौशांबी** थाना कौशांबी क्षेत्र के कोसम इनाम गांव के यशपाल पुत्र हरी लाल पानी टंकी के बगल में बैंक ऑफ बड़ौदा की बीसी प्वॉइंट का संचालन कर रहे है बैंक ऑफ़बड़ौदा की बीसी प्वॉइंट से आम जनता के रूपए का लेनदेन होता है प्रतिदिन की तरह वह एक फरवरी की शाम को दुकान बंद करके अपने आवास चले गए जब 2 फरवरी की सुबह 9:00 बजे वह अपने बीसी पॉइंट सेंटर पर पहुंचे तो देखा कि दुकान टूटी पड़ी है दुकान से लैपटॉप कैमरा हाई डिस्क टीएफटी इनवर्टर बैटरी सहित लाखों रुपए कीमत का तमाम सामान चोर उठा ले गए हैं दुकान में चोरी देखकर के उनके होश उड़ गए उन्होंने मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को दी है मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल की है पीड़ित ने मामले की सूचना कौशांबी थाना पुलिस को दी है खबर लिखे जाने तक घटना के खुलासा में किसी नतीजे तक पुलिस नहीं पहुंची है।

### अधिशासी अधिकारी करारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के डीएम ने दिए निर्देश

**डीएम ने कार्यालय नगर पंचायत, करारी का किया आकस्मिक निरीक्षण**



**करारी कौशांबी** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने मंगलवार को कार्यालय नगर पंचायत, करारी का आकस्मिक निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने शिकायत पंजिका के अवलोकन पर शिकायतकर्ता का मोबाइल नम्बर अंकित न पाए जाने, पंजिका अधूरा एवं सत्यापित न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अधिशासी अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय परिसर में बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने एवं व्यवस्थित तरीके से अभिलेखों का रख-रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को नगर पंचायत में बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित बनाए रखने एवं शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध करने के निर्देश दिए।

### कांग्रेस ने दिया समानता का अधिकार : संगीता कोरी



कौशाम्बी। जिले के मंझनपुर विधानसभा अन्तर्गत समदा में कांग्रेस पाटी द्वारा चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस की महिला नेत्री संगीता कोरी के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ महासंग्राम अभियान के तहत चौपाल लगाकर उपस्थित लोगों को कहा कि कांग्रेस पाटी ने कभी कभी धर्म और जाति की राजनीत नहीं की कांग्रेस से सभी को समानता का अधिकार दिया। कांग्रेस ने महिलाओं को शशक्त बनाने और समाज में बराबरी का अधिकार दिलाया कांग्रेस पाटी हमेशा आम जनता की पाटी रही है वतर्मान भाजपा सरकार केवल चंद उद्योगपतियों की सरकार बनकर रह गई है आज किसानों के ऊपर कर्ज है युवा रोजगार के लिए परेशान है महंगाई से परेशान है लेकिन भाजपा सरकार का पूर्व में लागू योजनाओं का नाम बदलने का सिलसिला जारी है । इसके बाद हेमंत रावत ने कहा कि मनरेगा योजना मूल उद्देश्य ग्रामीण इलाकों के ऐसे प्रत्येक परिवार को एक वित्त वर्ष के दौरान कम से कम 100 दिन का गारंटीशुदा रोजगार उपलब्ध कराना है जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने को तैयार हैं ताकि ग्रामीण भारत में रोजगार सुरक्षा की स्थिति को और बेहतर बनाया जा सके। लेकिन भाजपा सरकार इस योजना को भी न चलने देने का प्रयास कर रही है। चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से मीना देवी, तीजा देवी,मालती देवी,सीता देवी,महारानी,प्रेमा देवी,रोशन लाल,सोहन लाल,नौशे आलम,गिरजा देवी,निमर्ला देवी, शोभा देवी,लालती देवी,श्याम कली,आशा देवी,रामसुरेश पासी,रामलाल पासी, नोखे लाल यादव उपस्थित रहे।

# मूरतगंज बाजार में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का हुआ जोरदार स्वागत



**हर्रायपुर कौशांबी।** मूरतगंज क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़े गमजोशी से जोरदार तरीके से स्वागत किया। यह स्वागत मूरतगंज जीटी रोड पर उस समय किया गया, जब डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य कौशांबी से प्रयागराज जा रहे थे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पिछले दो दिनों से कौशांबी और प्रयागराज के भ्रमण कार्यक्रम पर थे। इस दौरान उन्होंने कौशांबी में आधा दर्जन परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें अंत्येष्टि स्थल, यात्री शेड और अन्य विकास परियोजनाएं शामिल हैं।स्वागत कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर उपमुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। इस अवसर पर नगरपालिका भरवारी की अध्यक्ष कविता पासी, भाजपा मंडल अध्यक्ष राम प्रकाश पटेल, हर्ष केसरवानी, कमलेश कुमार साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष काजू राममिलन चौधरी मनीष सिंह जादौन, रोहित केसरवानी प्रमोद कुमार सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एसडीओ विद्युत के व्यवहार से उपभोक्ता परेशान

**कौशांबी।** सराय अकिल के बेनीराम कटरा चौराहे क्षेत्र सहित आसपास के उपभोक्ता विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी के व्यवहार से असंतुष्ट हैं आरोप है कि वह विद्युत उपभोक्ताओं से अभद्रता से बात करते हैं समय पर कार्यालय नहीं पहुंचते हैं जिससे आम जनता और विद्युत उपभोक्ता की मुलाकात उनसे नहीं हो पाती है और बिजली से संबंधित समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है आरोप है कि बिजली की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उपखंड अधिकारी बात-बात पर उपभोक्ता से उत्तेजित हो जाते हैं जैसे वह शराब गांजा पीकर नशे की आदत में कार्यालय में ड्यूटी करते हो इतना ही नहीं सरकारी कार्यालय को अपने पूर्वज की जागीर समझ लिया है और विद्युत उपभोक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार करके विद्युत उपभोक्ताओं को डांट फटकार कार्यालय से भगा देते हैं अनुशासनहीन उपखंड अधिकारी को निलंबित कर विभागीय जांच शुरू कराए जाने की मांग क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने विद्युत अधिकारियों से की है।

# जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत कराए जा रहे कार्यो में तेजी लाने के डीएम ने दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**जिलाधिकारी ने की जल निगम, सिंचाई एवं नलकूप विभाग के कार्यो की विस्तृत समीक्षा**

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने मंगलवार को एन.आई.सी. सभागार में जल निगम, सिंचाई एवं नलकूप विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत लक्ष्य 353 ट्यूवबेल के सापेक्ष 348 की प्रगति हुई है, लक्ष्य 309 ओवरहेड टैंक के सापेक्ष 223 ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य पूर्ण, 218263 गृह संयोजन लक्ष्य के सापेक्ष 203576 गृह संयोजन एवं 4042 किमी0 पाइपलाइन लक्ष्य के सापेक्ष 3507 किमी0 पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी ने ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य, पाइपलाइन बिछाने का कार्य, गृह संयोजन एवं पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़क के मरम्मत कार्य में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए फर्म जे.एम.सी. एवं बाबा जी.ए. इन्फ्रा. को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने फर्म बाबा जी.ए. इन्फ्रा. के कार्यों में प्रगति धीमी पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अधिशासी अभियंता को फर्म बाबा जी.ए. इन्फ्रा. के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़क के मरम्मत का कार्य प्राथमिकता पर कराते हुए शीघ्र पूर्ण कराया जाए जिलाधिकारी ने नलकूप विभाग की समीक्षा के दौरान सहायक अभियंता नलकूप से



कहा कि यान्त्रिक दोष एवं विद्युत दोष आदि के कारण बंद नलकूपों को शीघ्र क्रियाशील किया जाए उन्होंने सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि नहरों में टेल तक पानी पहुँचें, ताकि किसानों को सिंचाई के लिए परेशान न होना पड़े।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# मूरतगंज के व्यापारी से ठगी करने वाले गिरोह के सदस्य दो महीने बाद भी नहीं हुए गिरफ्तार

**कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र में मूरतगंज के एक व्यापारी के साथ साइबर ठगो ने दो महीने पहले उनके पॉच बैंक खाते का संपूर्ण रुपया गायब कर दिया था मामले की शिकायत साइबर थाना से हुई लेकिन धीरे-धीरे 2 महीने बीत गए हैं पांच बैंक खातों से ठगी करने वाले साइबर अपराधियों को पुलिस गिरफ्तार कर रुपए नहीं बरामद कर सकी है जिससे पुलिसिया कार्यवाही का अंदाजा




**दो महीने पहले परिवार के पांच सदस्यों के छह बैंक खाते से ठगी ने गायब कर दिया था पूरा रुपया, कौशांबी में मोबाइल से सिम निकाल कर बैंक खाते से रकम गायब करने वाला गैंग सक्रिय**

लगाया जा सकता है बैंक की रकम ठगी करने वाले गिरोह के सदस्यों ने जिले में बीते कई महीनो से नया तरीका अपना लिया है चार पहिया गाड़ी से गैंग के सदस्य सड़कों पर घूम रहे हैं और लोगों के घरों दुकान या रास्ते चलते लोगों से फोन पर एक वीडियो फोटो भेजने या फोन पर किसी से बात करने की बात कह कर गिरोह के सदस्य लोगों का मोबाइल ले लेते हैं पलक झपकते ही उनके मोबाइल का सिम निकाल लेते हैं और उसके बाद मोबाइल वापस दे देते हैं और बाद में सिम लेकर गिरोह के सदस्य गायब हो जाते हैं और कंप्यूटर लैपटॉप सिस्टम में सिम लगा करके संबंधित व्यक्ति के बैंक खाते से पूरा का पूरा रकम निकाल लेते हैं बैंक खाते से रकम निकलने वाले इस रैकेट के गिरोह के सदस्य कौशांबी जिले में बीते कई महीनो से तेजी से घूम रहे हैं और अब तक कई लोगों को इसी तरीके से गैंग के सदस्यों ने अपना शिकार बना लिया है। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज कस्बे के शंकर लाल केशरवानी भी दो महीने पहले गैंग के सदस्यों के शिकार हो चुके हैं उनके पॉच बैंक खातों से लगभग 60 हजार रुपए रैकेट के सदस्यों ने झांसा देकर निकाल लिया है चार पहिया गाड़ी लेकर रैकेट के सदस्यों का गिरोह दो महीने पहले शंकर लाल केशरवानी की दुकान पर पहुंचे और उनसे सामान खरीदने की बात करने के बाद सामान की फोटो घर भेजने के नाम पर उनका मोबाइल ले लिए और फोटो भेजने के चक्कर में रैकेट के सदस्यों ने पलक झपकते ही उनके मोबाइल का सिम निकाल लिया और उसके बाद सामान बाद में लेने की बात कह कर गिरोह के सदस्य उनकी दुकान से चले गए कुछ देर बाद उन्हें जानकारी हुई कि उनके मोबाइल में सिम नहीं है लेकिन तब तक देर हो चुकी थी गिरोह के सदस्य फरार हो चुके थे गिरोह के सदस्य मौके पर दिखाई नहीं पड़े गिरोह की काफी खोज की गई गैंग के सदस्यों का कहीं सुराग नहीं लगा जब बैंक के जाकर उन्होंने जानकारी किया तो उसी सिम से उनका वा उनकी बेटी का बैंक खाता चल रहा था पिता पुत्री के पॉच बैंक खाते से लगभग 60 हजार रुपए रैकेट के सदस्यों ने निकाल लिया है ठगी करने का यह नया तरीका है और इस गिरोह के सदस्यों को जल्द से जल्द पकड़ने की जरूरत है गिरोह को पकड़ने में यदि देरी हुई तो कौशांबी जिले के तमाम लोग शिकार हो जाएंगे और लोगों का बैंक खाता खाली हो जाएंगे लोगों को इस तरह के गैंग के सदस्यों से सावधान रहने की भी जरूरत है घटना को 2 महीने बीत चुके हैं ऑनलाइन कंप्लेंट दर्ज करने और साइबर थाने को संपूर्ण जानकारी देने के 2 महीने बाद भी साइबर थाना पुलिस घटना के खुलासा में किसी नतीजे तक नहीं पहुंची है।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई जनसुनवाई

**फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु एसपी ने किया ऑनलाइन संवाद**

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा मंगलवार को पुलिस कार्यालय में आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित फरियादियों द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्रों को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा संबंधित प्रभारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके तथा पुलिस पर जनता का विश्वास और अधिक मजबूत एवं सुदृढ़ हो। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं के त्वरित, प्रभावी एवं पारदर्शी निस्तारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा एक अभिनव एवं सराहनीय पहल की जा रही है।इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों पर उपस्थित फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं के संबंध में



पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों से ऑनलाइन माध्यम से संवाद स्थापित किया जा रहा है।इस ऑनलाइन संवाद के दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जा रहा है तथा प्रत्येक प्रकरण का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण नियमानुसार हो तथा फरियादियों को अनावश्यक रूप से बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े।

### वारण्टी अभियुक्त को संदीपन घाट थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 216/2009 धारा 279/304ए/427 भादवि थाना पुरामुफ्ती से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त हरीश चन्द्र पुत्र राम सजीवन निवासी काजीपुर थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

### खंड शिक्षा अधिकारी को शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

**कौशांबी** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले नोडल अधिकारी टीचर हेल्थ ग्रुप समिति खंड शिक्षा अधिकारी सरसवा को विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के संबंध में मंगलवार को शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपा है ज्ञापन में मांग की गई है कि परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक और शिक्षिकाओं का चयन वेतनमान ऑनलाइन स्वीकृत किया जाए सरसावा ब्लॉक में काफी संख्या में ऐसे शिक्षक शिक्षिका जो चयन वेतन मान के लिए अर्ह है उनका वेतनमान स्वीकृत किया जाए।

# बैंकों की करेंसी नोट में भी खुले आम हो रही ब्लैकमेलिंग

**अखंड भारत संदेश**

**10 रूपये के नोट की गड्डी बनाम भ्रष्टाचार**

**करेंसी नोट की कालाबाजारी के खेल की बड़े स्तर से जांच हुई तो कई बैंक के कमी और प्रबंधकों पर कार्यवाही होना तय**

**कौशांबी।** रिजर्व बैंक द्वारा विभिन्न बैंकों को भेजी जाने वाली करेंसी नोट की कालाबाजारी का खेल भी कई दशक से बड़े पैमाने पर फल फूल रहा है बैंकों से आम जनता को एक रुपए दो रुपए पांच रुपए दस रुपए की नोट की गड्डी मिलना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन होता है जबकि खुले बाजार में तीन गुना से पांच गुना ज्यादा कीमत देकर एक रुपए दो रुपए पांच रुपए दस रुपए की करेंसी की गड्डी खुले हम लोगों को मिल रही है आखिरी बैंकों से खुले बाजार में नोटों की करेंसी की गड्डी नहीं पहुंच रही है तो फिर बाजार में मौजूद नोट बदलने वाले दुकानदारों के पास करेंसी नोट की गड्डी कहां से आती है जो बड़ी जांच का विषय है। एक समय था जब बैंक में जाकर शादी का कार्ड दिखाने पर 2-4 दस व बीस रूपये के नए नोटों की गड्डी आराम से मिल जाया करती थी। लेकिन अब जो गड्डी पहले आम शादी ब्याह का कार्ड दिखाने से मिल जाती थी, वो बड़ी सिफारिश लगवाने से भी नहीं मिलती। सबसे हैरानी की बात ये नहीं है कि गड्डी नहीं मिलती, बल्कि ये है कि 400-500 अधिक देने पर वही नोट की करेंसी गड्डी कितनी ही ले लो।इस भ्रष्टाचार ने साधारण से साधारण चीजों को आम आदमी से बहुत दूर पहुचा दिया हैं ब्याह शादी में लोग मजबूर होते है ब्लैक में लेने के लिए। लेकिन हैरानी की बात है कि जो चीज बैंकों में नहीं वो फिर बाहर कैसे मिल जाती है बैंक वालों ने ऐसा नेक्सस बना दिया है कि रिजर्व बैंक से नोट आते ही सीधे बाजार में ब्लैक कर दिए जाते हैं। भले सरकार ने 10 रुपए के सिक्कों के प्रचलन पर जोर दिया हो लेकिन ब्याह शादी में तो 10 रुपए के करेंसी नोटों का ही प्रयोग होता है करेंसी नोट की कालाबाजारी के इस खेल की बड़े स्तर से जांच हुई तो कई बैंक के कमी और प्रबंधकों पर कार्यवाही होना तय है।

# दुर्दशा से जूझ रहे हैं रसूलपुर बदले गांव के ग्रामीण

**अखंड भारत संदेश**

**पूरे जिले में चारों ओर कमीशन की बाजार गर्म है जिससे गांव क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा है**




पंचायत में भ्रष्टाचार के खुले ...

**हररायपुर कौशांबी।** गांव-गांव के विकास के लिए सरकार ने सरकारी खजाना खोल दिया है ग्राम पंचायत विभाग के जरिए गांव के विकास के लिए भारी रकम गांव को भेजी जा रही है लेकिन आजादी के 78 वर्ष बाद भी गांव में अभी भी मूलभूत समस्याओं से गांव की जनता जूझ रही है 78 वर्ष के बीच गांव में विकास के लिए भेजी गई रकम कहां खर्च हुई है सरकारी रकम खर्च करने वाले जिम्मेदारों से इसका हिसाब भी शासन प्रशासन नहीं ले रहा है जिससे जिम्मेदार मनमानी पर उतारू है और गांव की समस्या जस की तस बनी हुई है प्रदेश में भले ही विकास योजनाओं में कौशांबी ने टॉप लिस्ट में शामिल होकर के शोहरत प्राप्त कर ली हो लेकिन गांव क्षेत्र में अभी भी गरीब जनता आने जाने के सड़क रास्ते के लिए परेशान है कीचड़ और गंदगी गांव की पहचान बन चुकी है गांव की गरीब जनता की कोई सुनने वाला नहीं है सांसद विधायक से लेकर राज्यसभा सदस्य और एमएलसी भी गांव के विकास में ध्यान नहीं दे रहे हैं ग्राम पंचायत को मिलने वाले भारी भरकम धनराशि कहां खर्च की जा रही है खंड विकास अधिकारी से लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी तक देखने को तैयार नहीं है पूरे जिले में चारों ओर कमीशन की बाजार गर्म है जिससे गांव क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा है तमाम गांव क्षेत्र में समस्याओं के बाबत जब हकीकत देखने के लिए मूरतगंज ब्लॉक के अंतर्गत रसूलपुर बदले गांव का भ्रमण किया गया तो देखा गया कि रसूलपुर बदले गांव के सड़क रास्ते में पूरी तरह कीचड़ भरा हुआ है रास्ते में गंदा पानी बह रहा है और इस गंदे पानी कीचड़ के रास्ते से गांव के लोगों का आना-जाना है रास्ता इतना खराब है कि दो पहिया वाहन निकलना मुश्किल है चार पहिया वाहन निकलना तो दूर की बात है शादी विवाह के समय में वाहनों से गांव आने से लोग दूर भागते हैं। मूरतगंज ब्लॉक के अंतर्गत रसूलपुर बदले गांव के रास्ते को देखकर प्रतीत होता है कि जैसे गांव के लोग नरक का जीवन जी रहे हैं कोई भी अधिकारी गांव के रास्ते को बेहतर बनाने का प्रयास नहीं कर रहा है हालांकि खंड विकास अधिकारी मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र में बेहतर प्रगति की बात करते हैं लेकिन उसके बाद उनको मूरतगंज ब्लॉक के अंतर्गत रसूलपुर बदले गांव के रास्ते की दुदर्शी दिखाई नहीं पड़ती है या यह कह लिया जाए कि कंप्यूटर और कार्यालय तक पूरे विकास योजनाओं को देखने के लिए खंड विकास अधिकारी सीमित रह गए हैं एडीओ पंचायत भी गांव क्षेत्र के विकास के लिए जिला अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को लगातार गुमराह कर रहे हैं मीटिंग में गांव क्षेत्र में बड़े विकास की बात की जाती है लेकिन हकीकत इससे बहुत दूर है गांव क्षेत्र में सड़क और रास्ते की दुदर्शा के बाबत जब ग्रामीणों से बात की गई तो ग्रामीणों का कहना है कि गांव में कोई भी विकास नहीं हुआ है गांव में तमाम समस्याएं बरकरार हैं और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कोई भी जिम्मेदार अधिकारी और नेता तैयार नहीं दिखाई पड़ रहा है इस संबंध में खंड विकास अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका मोबाइल फोन ना उठने से उनसे बात नहीं हो सकी है मूरतगंज ब्लॉक के अंतर्गत रसूलपुर बदले गांव में रास्ते और सड़क की दुदर्शा के बाबत मुख्य विकास अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन मीटिंग में व्यस्तता के चलते उनसे भी बात नहीं हो सकी है जिससे गांव की चौपट व्यवस्था पर अधिकारियों द्वारा क्या कारवाई की जा रही है इस संबंध में कोई जानकारी नहीं हो सकी है।

# विकसित भारत की उड़ान: बजट 2026 के आर्थिक संकल्प

## सम्पादकीय

### आर्द्रभूमियाँ -प्रकृति का कवच और मानव अस्तित्व की कुंजी

**हर** वर्ष 2 फरवरी को विश्व आर्द्रभूमि दिवस (वर्ल्ड वैटलैंड्स डे) मनाया जाता है। वास्तव में, यह दिवस 1971 में ईरान के रामसर शहर में हुए 'रामसर कन्वेंशन ऑन वेटलैंड्स' के हस्ताक्षर की स्मृति में मनाया जाता है। इस कन्वेंशन का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर की आर्द्रभूमियों (वेटलैंड्स) का संरक्षण और उनका विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करना है। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि आर्द्रभूमियाँ (वैटलैंड्स) धरती के सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील पारिस्थितिक तंत्रों में से एक हैं। ये वे क्षेत्र होते हैं जहाँ पानी और मिट्टी आपस में मिलते हैं, और जहाँ पूरे वर्ष या वर्ष के कुछ महीनों तक जलभराव रहता है, जैसे कि झीलें, तालाब, दलदल, मैंग्रोव, नदियों के किनारे के क्षेत्र आदि।आर्द्रभूमियों को 'धरती के गुर्दे' कहा जाता है, क्योंकि ये पानी को स्वच्छ करने का काम करती हैं। ये जल में मौजूद प्रदूषकों, तलछट और अतिरिक्त पोषक तत्वों को सोख लेती हैं, जिससे भूजल साफ और सुरक्षित रहता है। इन्हें 'जैविक सुपरमार्केट' भी कहा जाता है, क्योंकि यहाँ अत्यंत विस्तृत खाद्य जाल (फूड वेब) पाया जाता है। आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि पृथ्वी की लगभग 40% जैव विविधता आर्द्रभूमियों पर निर्भर है, जबकि ये पृथ्वी की सतह के केवल 6% क्षेत्र में ही फैली हुई हैं। आर्द्रभूमियाँ स्पंज की तरह कार्य करती हैं। बारिश के समय ये अतिरिक्त पानी को अपने अंदर समाहित कर लेती हैं और इस तरह बाढ़ की तीव्रता को कम करती हैं। साथ ही, ये कार्बन डाइऑक्साइड को सोखकर मिट्टी में जमा करती हैं, और कई बार जंगलों से भी अधिक प्रभावी ढंग से ग्लोबल वार्मिंग को कम करने में मदद करती हैं। इसी कारण इन्हें 'कार्बन सिंक' भी कहा जाता है।विश्व आर्द्रभूमि दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य आर्द्रभूमियों के पारिस्थितिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसके साथ ही, इनके संरक्षण और सतत प्रबंधन को बढ़ावा देना, ताकि ये प्राकृतिक प्रणालियाँ लंबे समय तक बनी रहें। इस दिवस का एक और महत्वपूर्ण उद्देश्य स्थानीय समुदायों और नीति निमार्ताओं को जोड़ना है, ताकि आर्द्रभूमियों के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास किए जा सकें।हर वर्ष इस दिवस के लिए एक विशेष थीम निर्धारित की जाती है।2025 की थीम थी-'हमारे साझा भविष्य के लिए आर्द्रभूमि का संरक्षण।' इस वर्ष यानी कि 2026 की थीम है-'आर्द्रभूमियाँ और पारंपरिक ज्ञानः सांस्कृतिक विरासत का उत्सव।' वास्तव में, यह थीम यह दशार्ती है कि पारंपरिक और स्थानीय समुदायों का ज्ञान आर्द्रभूमियों के संरक्षण और प्रबंधन में हमेशा से महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है और आज भी उनकी संस्कृति व जीवन का अभिन्न हिस्सा है। यदि हम यहां पर आर्द्रभूमियों के महत्व की बात करें तो ये पानी का नियमन और शुद्धिकरण करती हैं,जैव विविधता का घर हैं, आजीविका का स्रोत हैं (मछली पकड़ना, कृषि, पर्यटन और रोजगार),तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में सहायक हैं। बहरहाल, यदि वैश्विक आँकड़ों पर नजर डालें, तो विश्व में कुल 2,520 रामसर साइट्स हैं, जो लगभग 2.53 करोड़ हेक्टेयर (25.3 मिलियन वर्ग किलोमीटर) क्षेत्र में फैली हुई हैं।

– ललित गर्ग

**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत नवीन केंद्रीय बजट को यदि समग्र दृष्टि से देखा जाए तो यह केवल एक वार्षिक वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि ह्यविकसित भारत 2047ह्ल के स्वप्न की ठोस आधारशिला के रूप में सामने आता है। यह बजट उस रिफॉर्म एक्सप्रेस की तरह है जो बीते वर्षों में चली आर्थिक सुधारों की पटरियों पर तेज गति से दौड़ते हुए अब भारत को उच्च विकास, समावेशन और आत्मनिर्भरता की नई ऊँचाइयों की ओर ले जाने का दावा करता है। तुलनात्मक, विवेचनात्मक और समीक्षात्मक दृष्टि से यह बजट पूर्ववर्ती बजटों की निरंतरता को बनाए रखते हुए कई नए आयाम भी जोड़ता है, जो इसे ऐतिहासिक और भविष्यगामी बनाते हैं। पिछले कुछ वर्षों के बजटों की तुलना में यह बजट अधिक आत्मविश्वास के साथ सामने आता है। महामारी, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों के बीच भारत ने जिस आर्थिक मजबूती का प्रदर्शन किया है, उसका आत्मविश्वास इस बजट में स्पष्ट झलकता है। जहां पूर्व बजटों में संकट प्रबंधन और अर्थव्यवस्था को संभालने पर अधिक जोर था, वहीं यह बजट विकास की ऊंची उड़ान के लिए रनवे तैयार करता दिखता है। ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्ल का मंत्र यहां नारे से आगे बढ़कर नीतिगत संरचना का रूप लेता है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में बजट की दृष्टि विशेष रूप से विवेचनात्मक है। चिकित्सा अवसंरचना के विस्तार, मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और डिजिटल हेल्थ के माध्यम से गांव-गांव तक चिकित्सा सुविधाएं पहुँचाने की दिशा में किए गए प्रावधान यह संकेत देते हैं कि सरकार स्वास्थ्य को केवल खर्च नहीं, बल्कि मानव पूंजी में निवेश मान रही है। यदि पिछले दशक के बजटों से तुलना की जाए तो स्वास्थ्य पर आवंटन और दृष्टिकोण दोनों में गुणात्मक परिवर्तन दिखाई देता है। यह बदलाव भारत को न केवल स्वस्थ समाज की ओर ले जाने वाला है, बल्कि उत्पादकता और आर्थिक वृद्धि को भी दीर्घकाल में मजबूती देगा। शिक्षा के क्षेत्र में भी बजट की आत्मा दूरदर्शी है। नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, कौशल विकास, डिजिटल शिक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उभरती तकनीकों से जुड़ी शिक्षा पर बल यह दशार्ता है कि सरकार भविष्य के भारत के लिए आज के युवाओं को तैयार करना चाहती है। पूर्ववर्ती बजटों में शिक्षा पर खर्च की चर्चा होती थी, लेकिन इस बजट में शिक्षा को रोजगार और नवाचार से जोड़ने की स्पष्ट रणनीति दिखाई देती है। यह एक ऐसा बिंदु है जहाँ यह बजट तुलनात्मक रूप से अधिक परिपक्व और व्यावहारिक प्रतीत होता है।

विकास की दृष्टि से यह बजट ह्यइन्फ्रास्ट्रक्चर प्लस समावेशनह्ल का मॉडल प्रस्तुत करता है। रेलवे कॉरिडोरों के विकास, लॉजिस्टिक्स को सशक्त बनाने, सड़क, बंदरगाह और शहरी अवसंरचना में निवेश को जिस तरह प्राथमिकता दी गई है, वह भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का मजबूत हिस्सा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सात रेलवे कॉरिडोर विकसित करने की घोषणा केवल परिवहन सुविधा



का विस्तार नहीं, बल्कि औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और क्षेत्रीय संतुलन का माध्यम भी है। यदि इसे पिछले बजटों से जोड़कर देखा जाए तो स्पष्ट होता है कि सरकार अब बुनियादी ढांचे को विकास का इंजन मानकर लगातार गति दे रही है।

ग्रामीण भारत के संदर्भ में यह बजट विशेष उल्लेख के योग्य है। कृषि, ग्रामीण अवसंरचना, सिंचाई, किसान कल्याण और ग्रामीण उद्यमिता से जुड़े प्रावधान यह संकेत देते हैं कि गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की मंशा केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है। मेडिकल सुविधाओं, शिक्षा और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार से ग्रामीण भारत में जीवन की गुणवत्ता सुधरने की संभावना बढ़ती है। यह आत्मनिर्भर भारत की उस परिकल्पना को साकार करता है जिसमें गांव मजबूत होंगे तो देश स्वतः मजबूत होगा।

नारी शक्ति के सशक्तिकरण के संदर्भ में भी बजट का दृष्टिकोण तुलनात्मक रूप से व्यापक है। महिला स्वयं सहायता समूहों, महिला उद्यमिता, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े विशेष प्रावधान यह दशार्ते हैं कि महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास की भागीदार के रूप में देखा जा रहा है। गरीबों और वंचित वर्गों के लिए लक्षित योजनाएं इस बजट को सामाजिक न्याय की दृष्टि से भी संतुलित बनाती हैं। समीक्षात्मक रूप से देखा जाए तो यह बजट कल्याण और विकास के बीच संतुलन साधने का प्रयास करता है, जो किसी भी दीर्घकालिक आर्थिक नीति की अनिवार्य शर्त है।

युवाओं के लिए यह बजट विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। स्टार्टअप, नवाचार, स्किल इंडिया, रोजगार सृजन और नई तकनीकों में निवेश युवाओं की आकांक्षाओं को संबोधित करता है। यदि इसे आगामी विधानसभा चुनाव वाले राज्यों के संदर्भ में देखा जाए तो यह भी स्पष्ट होता है कि बजट में क्षेत्रीय संतुलन और राजनीतिक यथार्थ का भी ध्यान रखा गया है। हालांकि आलोचक इसे चुनावी बजट कह सकते हैं, लेकिन विवेचनात्मक दृष्टि से यह कहना अधिक उचित होगा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में बजट का जन-आकांक्षाओं से जुड़ा होना स्वाभाविक है, बशर्ते वह दीर्घकालिक विकास को बाधित न करे। इस बजट में दीर्घकालिक दृष्टि और तात्कालिक आवश्यकताओं के बीच संतुलन दिखाई देता है।

समीक्षात्मक रूप से यह स्वीकार करना होगा कि किसी भी बजट की सफलता केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन से तय होती है। संसाधनों की उपलब्धता, राज्यों के साथ समन्वय और पारदर्शी प्रशासन इस बजट की वास्तविक परीक्षा होंगे। फिर भी, तुलनात्मक दृष्टि से यह बजट भारत की आर्थिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव प्रतीत होता है।

अंततः यह कहा जा सकता है कि निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट भारत के विकास की ऊंची उड़ान का मजबूत आधार है। यह वर्तमान की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए भविष्य की संभावनाओं के लिए रास्ता तैयार करता है। स्वास्थ्य, शिक्षा, अवसंरचना, ग्रामीण विकास, नारी शक्ति और युवाओं को केंद्र में रखकर यह बजट ह्यविकसित भारत 2047ह्ल की दिशा में एक सशक्त कदम है। यदि इसे निरंतर सुधार, जवाबदेही और समावेशी क्रियान्वयन का साथ मिला, तो यह बजट इतिहास में केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव के रूप में याद किया जाएगा।

# अर्थजगत का मायावी खेल

अरविन्द मोहन

**हम** चीन के साथ जाएं तब मुश्किल और अमेरिका से बंधे रहें तो और मुश्किल। और इसी जुड़ाव की कीमत हमारा रुपया भी दे रहा है जो दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के आगे डालर से भी ज्यादा तेजी से लुढ़क रहा है। मोदी जी भूल गए होंगे यह संभव नहीं लगता लेकिन हाल फिलहाल डालर कभी चालीस रुपए में मिलेगा इसकी संभावना तो दूर-दूर तक नहीं दिखती। यह आर्थिक मामलों में यथार्थ और माया के खेल को समझने का बहुत बढ़िया अवसर है और हम चाहें तो इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को धन्यवाद कह सकते हैं। वैसे वे खुद क्या हैं और आर्थिक मामलों में किस तीसरी चीज को हासिल करना चाहते हैं यह समझना मुश्किल है। वे तो क्रिप्टो करेंसी से लेकर और जाने किन चीजों के सौदागर हैं- खुद को शांति का सौदागर तो बताते ही हैं। आज जिस तरह शेयर बाजार, वित्तीय बाजार, करेंसी बाजार और बुलियन बाजार में अफरातफरी मची है वह बताती है कि वास्तविक अर्थव्यवस्था के स्वास्थ्य और काम काज से इनका बहुत कुछ लेना नहीं है। भारत ही दुनिया की आर्थिक गतिविधियों में कोई बड़ा उतार-चढ़ाव, खास तौर से गिरावट दिखाई नहीं देती लेकिन शेयर बाजार धड़ाम हो रहे हैं, करेंसी का उतार-चढ़ाव संभालने में सरकारों के पसीने छूट रहे हैं, निवेश बाजार से पूंजी निकालने और बाहर ले जाने की होड़ लगी है और बुलियन बाजार में आग लगी है। सोना-चांदी ही नहीं प्लेटिनम समेत सारे कीमती धातु रिकार्ड ऊंचाई पर हैं और मांग बढ़ती जा रही है। सोना और चांदी की कीमतें इस स्तर पर आ गई हैं कि आम आदमी के लिए इन्हें खरीदना मुश्किल है और जिनको



सोने-चांदी से कोई लेना-देना नहीं रहा है वे किसी भी कीमत पर इनको खरीदकर जमा करते जा रहे हैं। और माया की तरह यह कहना भी आसान नहीं है कि इन गतिविधियों से अर्थव्यवस्था अप्रभावित है। उस पर भी खूब असर पड़ रहा है लेकिन खैरियत यही है कि महामंदी का कोई नया दौर आता नहीं दिखाता। पर मंदी कोई सूचना देकर थोड़े ही आती है। यह माना जाता है की हमारा शेयर बाजार बहुत बड़ा नहीं है और इसमें देश-विदेश का जो पैसा लगा है उसमें काफी बड़े खिलाड़ी हैं। वे बाजार को कृत्रिम तरीकों से भी ऊंचा बनाए रखते हैं या सरकार में अपने ऊंचे रसूख से सरकारी बैंकों और बीमा तथा भविष्यनिधि समेत अन्य वित्तीय संस्थाओं से निवेश कराके बाजार को संभालते रहते हैं। वैसे यह सरकार की जवाबदेही भी है। इधर यह भी हुआ है कि विदेशी निवेशक बड़े पैमाने पर अपना निवेश वापस ले रहे हैं पर इधर देसी निवेश बढ़ाने से बाजार को ज्यादा फर्क नहीं पड़ा है। लेकिन ट्रम्प महाराज के फैसले हंगामा मचाते रहे हैं और इस बार जब उन्होंने 500 फीसदी तक सीमा शुल्क बढ़ाने की बात उठाई तो सारे बाजारों का धीरज चूक गया। धड़ाम हमारे बाजार भी हुए लेकिन इस बार बचाने का प्रयास करने वाले भी नदारद रहे। हमारी सरकार के दुलारे अदानी पर कार्रवाई की अमेरिकी पहल ने एक दिन में उनकी कई कंपनियों के शेयर में पंद्रह फीसदी तक की गिरावट ला दी। अकेले जनवरी में महीने में अब तक बाजार साढ़े चार फीसदी तक टूट चुका है और अब सभी बजट की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन कोई चमत्कार कर सकती हैं इसकी गुंजाइश कम ही लगती है। सरकार और रिजर्व बैंक ने जब रुपए की गिरावट रोकने का प्रयास किया तब ज्यादा सफलता नहीं मिली। जनवरी भर में करीब 2.7 अरब डालर की विदेशी मुद्रा बाजार में उतार कर सरकार ने अपने दम भर प्रयास किया लेकिन वह सिर्फ गिरावट की रफ्तार को कम कर सकी, गिरावट को रोकना संभव नहीं हुआ। डालर 91 रुपए के ऊपर पहुंचा तो यूरो 103 से ऊपर और पाउंड 125 के करीब। यह तब है जब रूस के तेल का भुगतान डालर में नहीं करना होता। डालर के उतार-चढ़ाव पर मोदी जी ने ही पहले काफी कुछ कहा है इसलिए ज्यादा कहने की जरूरत नहीं रहती। लेकिन मोदी सरकार इस तरह बेबस हो जाएगी, इसका कारण ट्रम्प की नीतियों की अनिश्चितता भर नहीं है। हमारी अर्थव्यवस्था में और आसपास के देशों की आर्थिक गतिविधियों में भी काफी कुछ बदल रहा है जो डालर को मजबूत बनाए न बनाए हमारे रुपए को कमजोर करता जा रहा है।

बुलियन बाजार की तेजी का तो ट्रम्प की नीतियों या राजनीति से जितना नाता है हमारी सरकार की कमजोरी का भी वैसा ही नाता। सोने की कीमत प्रति दस ग्राम डेढ़ लाख के ऊपर पहुंचाने में हमारे आम लोगों का कोई हाथ नहीं है, 'खास' अर्थात वायदा बाजार के खिलाड़ियों का भी बहुत योगदान नहीं है क्योंकि हमारे यहां सोने की कुल खरीद में काफी कमी आई है। लेकिन चांदी की कीमत सवा तीन लाख प्रति किलो से ऊपर पहुंचाने में तो खिलाड़ियों की ही बड़ी भूमिका है। यह सही है कि चीन बड़े पैमाने पर चांदी खरीद कर वैश्विक तेजी का मुख्य खिलाड़ी बना हुआ है लेकिन हमारे वायदा बाजार के कायदे और खिलाड़ी भी कम बड़ी वजह नहीं हैं, खासकर इस कारण कि हमारे यहां चांदी की कोई कमी नहीं है और न कोई खास मांग आ गई है। यह शुद्ध सट्टेबाजी है और सरकार चुप बैठी है। वायदा बाजार में मार्जिन मनी बढ़ते ही तेजी और गिरावट का खेल यह बताता है कि मात्र दो फीसदी रकम से पचास गुना अधिक चांदी या मेटल को सट्टेबाजी में उलझा देने का खेल बड़े पैमाने पर हो रहा है।

# टैरिफ के बावजूद आर्थिक क्षेत्र में अमेरिका से आगे निकलता शेष विश्व

प्रह्लाद सबनानी ।

**दिनांक** 20 जनवरी 2025 को डॉनल्ड ट्रम्प अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बनाए गए थे। वर्ष 2024 में ट्रम्प ने अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव ह्लटं औ्रॅ ऋ्रीं३ अ्ॅल्लह्व अर्थात ह्लअमेरिका को पुनः महान बनाएंह्व, नारे के साथ जीता था। वर्ष 2025 का पूरा वर्ष भर पूरे विश्व ने ट्रम्प को अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में कार्य करते हुए देखा। लगभग पूरा 2025 का वर्ष ट्रम्प ने विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले उत्पादों के आयात पर टैरिफ लगाते हुए बिताया और मित्र देशों सहित कई देशों से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर भारी भरकम टैरिफ लगाए। ट्रम्प का सोचना था कि टैरिफ को बढ़ाकर वे अन्य देशों से अमेरिका को होने वाले निर्यात को कम करेंगे और इससे अमेरिका में ही इन उत्पादों का उत्पादन प्रारम्भ हो जाएगा। ट्रम्प का संभवतः यह सोचना था कि उनका यह प्रयास अमेरिका को महान बनाते हुए शेष विश्व को विपरीत रूप से प्रभावित करेगा। परंतु, वर्ष 2025 में अमेरिका एवं शेष विश्व के आर्थिक क्षेत्र के आंकडें देखने पर ध्यान में आता है कि अमेरिका के मित्र राष्ट्रों सहित विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर लगाए गए टैरिफ का असर अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर लगभग नहीं के बराबर पड़ा है। बल्कि, इसका खामियाजा अमेरिका के नागरिकों को भुगतना पड़ा है। अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ से अमेरिका में उत्पादों की कीमतों में बेतहाशा बृद्धि दर्ज हुई है, इससे मुद्रा स्फीति में वृद्धि तेज हुई है एवं अमेरिकी नागरिकों को विभिन्न उत्पादों को बढ़ी हुई कीमतों दरों पर खरीदना पड़ रहा है। अमेरिकी नागरिक पिछले 5 वर्षों की तुलना में आज खाद्य सामग्री पर 30 प्रतिशत अधिक खर्च कर रहे हैं। अमेरिका में उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें 22 प्रतिशत से बढ़ चुकी हैं। खाद्य पदार्थों एवं मकान की कीमतों में 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई हैं। अमेरिका में मुद्रा स्फीति की दर भी 3 से 4 प्रतिशत के बीच बनी हुई है, जो पिछले कई वर्षों की तुलना में बहुत अधिक है। अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ से परेशान हो रहा है अमेरिकी नागरिक, न कि अन्य कोई देश। श्री रुचिर शर्मा, भारतीय मूल के अमेरिकी लेखक एवं फायनैन्शल टाइम्स के स्तम्भ



लेखक, ने अपने एक साक्षात्कार में कई आंकडें दिए हैं, जिनका प्रयोग इस लेख को तैयार करने में किया गया है।

अमेरिका द्वारा विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले आयात पर लगाए गए टैरिफ के पश्चात अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर कम होती हुई दिखाई दे रही है। वर्ष 2024 में अमेरिका में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 2.8 प्रतिशत की रही थी जो वर्ष 2025 में घटकर 2.1 प्रतिशत हो गई। जबकि वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर दोनों वर्षों, 2024 एवं 2025, में 2.8 प्रतिशत बनी रही है। वर्ष 2025 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में किसी प्रकार की कमी दृष्टिगोचर नहीं हुई है। भारत में सकल घरेलू उत्पाद में वर्ष 2024 में वृद्धि दर, 6.5 प्रतिशत की रही थी, जो वर्ष वर्ष 2025 में बढ़कर 7.2 प्रतिशत की हो गई। वर्ष 2024 में उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से 52 प्रतिशत देशों की प्रति व्यक्ति सकल उत्पाद में वृद्धि दर अमेरिका की तुलना में अधिक रही थी जबकि वर्ष 2025 में 76 प्रतिशत देशों की प्रति व्यक्ति सकल उत्पाद में वृद्धि दर अमेरिका की तुलना में अधिक रही है। वर्ष 2025 में उभरती अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक विकास दर तेज गति बढ़ती हुई पाई गई है। इस प्रकार, अमेरिका द्वारा विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर लगाए गए टैरिफ के बावजूद शेष विश्व में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर अमेरिका से अधिक रही है। इस प्रकार अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ का प्रभाव अन्य देशों के विकास पर विपरीत रूप से नहीं पड़ा है। अमेरिका के पूंजी (शेयर) बाजार में भी वर्ष 2025 में निवेशकों को अपने निवेश पर कम आय प्राप्त हुई है। अमेरिका में निवेशकों द्वारा पूंजी (शेयर) बाजार में किए गए निवेश पर 18 प्रतिशत की आय का अर्जन हुआ है। जबकि, यूरोप में निवेशकों को 35 प्रतिशत, उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में निवेशकों को 34 प्रतिशत, अमेरिका को छोड़कर शेष विश्व में निवेशकों को 32 प्रतिशत एवं चीन में निवेशकों को 31 प्रतिशत की आय अर्जित हुई है। इस प्रकार, अमेरिका की तुलना में अन्य देशों में पूंजी (शेयर) बाजार में निवेशकों को लगभग दुगनी आय अर्जित हुई है। अमेरिकी नागरिकों का पूंजी (शेयर) बाजार में निवेश तुलनात्मक रूप से अधिक है। अमेरिकी नागरिकों का जायदाद में निवेश 30 प्रतिशत है जबकि शेयर बाजार में 32 प्रतिशत निवेश है। चीन के नागरिकों का जायदाद में निवेश 55 प्रतिशत एवं शेयर बाजार में निवेश केवल 11 प्रतिशत है। इसी प्रकार, यूरोप के नागरिकों का निवेश क्रमशः 57 प्रतिशत एवं 16 प्रतिशत है। भारतीय नागरिकों के निवेश क्रमशः 50 प्रतिशत एवं 7 प्रतिशत है।

अमेरिका द्वारा अन्य देशों से अमेरिका में होने वाले आयात पर लगाए गए टैरिफ के चलते अमेरिका का राजकोषीय घाटा वर्ष 2024 के सकल घरेलू उत्पाद के 6.9 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2025 में 6 प्रतिशत हो गया है। एक रीसर्च प्रतिवेदन में यह तथ्य उभरकर भी सामने आया है कि टैरिफ के कारण अमेरिका में उत्पादों की कीमतों में वृद्धि हुई है एवं टैरिफ का लगभग 96 प्रतिशत भाग अमेरिकी नागरिकों द्वारा वहन किया गया है। इसके कारण अन्य देशों से अमेरिका को निर्यात कम नहीं हुए हैं। यूरोप का राजकोषीय घाटा वर्ष 2024 के 3.1 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2025 में 3.2 प्रतिशत हो गया है। उभर रही अर्थव्यवस्थाओं का राजकोषीय घाटा वर्ष 2024 के 4.6 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2025 में 4.8 प्रतिशत हो गया है।

# अनियंत्रित ट्रक ने मचाया तांडव, बिजली के खंभे से टकराकर ठप्प की आपूर्ति

अखंड भारत संदेश

**गाजीपुर। स्थानीय** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत स्टेट बैंक पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया। बलिया से गाजीपुर की ओर जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से जा टकराया। दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक संख्या यूपी 61 जे 4368 अत्यधिक गति में था। चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिससे ट्रक सीधे बिजली के खंभे से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि खंभा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और आसपास के मोहल्लों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर




तेज रफ्तार वाहनों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व सोमवार को भी राष्ट्रीय राजमार्ग 31 सुरतापुरझ्प्रहलादपुर मार्ग पर इसी तरह की एक दुर्घटना घटित हो चुकी है। आए दिन हो रही इन घटनाओं से क्षेत्रवासियों में भय का माहौल व्याप्त है।

बिजली आपूर्ति बाधित होने से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। घरों, दुकानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में बिजली न होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है, हालांकि आपूर्ति बहाल होने में कुछ समय लग सकता है।

घटना के बाद स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर कड़ी निगरानी रखी जाए, यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए और पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके।

# कफन सत्याग्रह : युवाओं का आंदोलन, विपक्षी दलों का समर्थन

# चित्रकूट मेडिकल कॉलेज की मांग पर सियासत गरमाई

- राजनीति और प्रशासन आमने-सामने
- मेडिकल कॉलेज मांग पर बड़ा सियासी जमावड़ा
- इलाज के लिए पलायन कब तक?

**चित्रकूट।** चित्रकूट में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की मांग अब केवल युवाओं और समाजसेवियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि इस आंदोलन में जिले की बड़ी राजनीतिक ताकतें भी खुलकर कूद पड़ी हैं। युवाओं के अनोखे और प्रतीकात्मक कफन सत्याग्रह ने प्रशासन से लेकर राजनीति तक हलचल पैदा कर दी है। सोमवार को आंदोलन के दूसरे दिन शहीद स्थल पर कफन ओढ़कर आमरण अनशन कर रहे प्रमुख अनशनकारी भूपेंद्र सिंह की 48 घंटे पूरे होते ही तबीयत बिगड़ने से प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही राजस्व विभाग, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और अनशनकारियों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन आंदोलनकारियों ने मांग पूरी होने तक पीछे न हटने का ऐलान कर दिया। इसी बीच मेडिकल कॉलेज की मांग दिल्ली तक पहुंच गई, जब अपना दल (एस) के कार्यकताओं ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री व पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल से मुलाकात कर लिखित ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को आंदोलन तीसरे




आंदोलन में अपनी मांगो को प्रदर्शित करते आंदोलनकारी

दिन भी जारी रहा और इसे कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का खुला समर्थन मिला। शहीद स्मारक पर पहुंचे नेताओं ने कहा कि चित्रकूट जैसे आदिवासी और दूरस्थ जिले में आज भी गंभीर मरीजों को प्रयागराज, कानपुर और झांसी रेफर किया जाना स्वास्थ्य व्यवस्था की विफलता का प्रतीक है। आंदोलनकारियों ने मुख्यमंत्री को खून से पत्र लिखकर अपनी पीड़ा जाहिर की और चेतावनी दी कि यदि जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। एक ओर शहीद स्थल पर कफन में लिपटी जनता की मांग है, दूसरी ओर राजनीतिक समर्थन की बढ़ती ताकतकृजिससे साफ है कि चित्रकूट में मेडिकल कॉलेज का मुद्दा अब जनआंदोलन से सियासी एजेंडे में तब्दील हो चुका है। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष, सपा विधायक अनिल प्रधान समेत अन्य बडे चेहरों ने शिरकत की और अनशन पर युवाओं का समर्थन किया।

## अन्नदाता की चीख और सिस्टम की चुप्पी चित्रकूट में खनन माफिया का बेलगाम खेल

- गर्म कमरों में खामोश अधिकारी
- सिस्टम सवालों के घेरे में

**चित्रकूट।** धर्मनगरी चित्रकूट में अवैध बालू खनन अब सिर्फ कानून का नहीं, बल्कि किसान के अस्तित्व का सवाल बन चुका है। जिले में खुलेआम चल रहे अवैध खनन के खिलाफ अब अन्नदाता खुद सड़कों पर उतर आया है। ठंड भरी रातों में किसान धरने पर बैठकर प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं कि उनके खेत, फसल और जीवन को बचाया जाए, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी हैं कि बैठकों में अवैध खनन रोकने के बजाय कभी फसल नुकसान के आकलन की बात करते हैं तो कभी मुआवजे के फामूर्ले गढ़ते नजर आते हैं। सवाल है कि जिले में खनिज विभाग और उसके अधिकारियों की जिम्मेदारी अवैध खनन रोकना है या फिर खनन से उजड़ी फसलों का हिसाब-किताब लगाकर मुआवजा बांटना? चांदी, वीर धुमाई और गंगू गांवों के किसानों ने 01 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। किसानों का कहना है कि बालू से भरे ट्रकों की बेलगाम आवाजाही ने खेतों को रौंद डाला है, अवैध रूप से बनाए गए रास्तों ने गांव की बुनियादी संरचना तोड़ दी है। बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है, गर्भवती महिलाओं और बीमारों तक एंबुलेंस तक नहीं पहुंच पा रही। सोशल मीडिया पर कभी अवैध खनन के वीडियो वायरल होते हैं, कभी किसान धरने पर बैठते हैं, लेकिन खनिज विभाग को न खनन दिखता है न किसान का दर्द। किसान बबली दुबे, सतेंद्र यादव, ओमनारायण गर्ग, भूरा दुबे, अंकित दुबे, कल्लू कंचन केवट, दुर्गेश पांडे, राजाजीत सहित दर्जनों किसान सवाल पूछ रहे हैं-क्या अवैध खनन की कीमत हमेशा किसान ही चुकाएगा और जिम्मेदार सिर्फ सेटिंग में व्यस्त रहेंगे?

## जिला बार एसोसिएशन की खुली हुंकार, डीएम की पहल को बताया व्यवस्था सुधार का ब्लूप्रिंट

- एसोसिएशन ने खुले मंच से की सराहना
- बार एसोसिएशन का बड़ा स्टैंड

**चित्रकूट।** जिले में प्रशासनिक सादगी और सामाजिक जिम्मेदारी की एक प्रेरक तस्वीर उस समय सामने आई, जब जिला बार एसोसिएशन ने बैठक कर जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की खुले मंच से सराहना की। 03 फरवरी को अधिवक्ता संघ सभागार में आयोजित बैठक में अध्यक्ष सुशील मिश्रा ने कहा कि जिलाधिकारी द्वारा अपनी पुत्री का दाखिला आंगनवाड़ी केंद्र में कराना केवल एक निजी निर्णय नहीं, बल्कि सरकारी योजनाओं और संस्थानों में विश्वास जगाने वाला उदाहरण है। महासचिव विजय प्रकाश त्रिपाठी ने इसे धरातल से जुड़ा प्रशासन बताते हुए कहा कि ऐसे कदम अधिकारियों और जनता के बीच आत्मीय संबंध बनाते हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद मिश्रा ने इस अवसर पर उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पुराने आदेशों का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि अधिकारी और जनप्रतिनिधि स्वयं सरकारी स्कूलों पर भरोसा करें, तभी आमजन का विश्वास बढ़ेगा। एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पांडेय ने जिलाधिकारी की कार्यशैली को प्रेरणास्त्रोत बताया। इस प्रेरणा का असर भी दिखा, जब पूर्व कोषाध्यक्ष देवशरण मिश्रा ने अपने बच्चों का नाम निजी स्कूल से कटवाकर शासकीय विद्यालय में लिखवाने का निर्णय लिया। बैठक में रोहित सिंह सहित कई अधिवक्ताओं ने इस कदम की सराहना की। बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं की मौजूदगी ने साफ कर दिया कि सादगी जब सत्ता से उतरकर समाज तक पहुंचती है, तो वह मिसाल बन जाती है।

# बाँदा रोडवेज में गरजे कर्मचारी, 13 सूत्रीय मांगों पर प्रबंधन से बनी सकारात्मक सहमति

- डीजल कटौती से लेकर प्रोत्साहन भुगतान तक
- संघ की एकजुटता रंग लाई
- बाँदा रोडवेज वार्ता ने बदला माहौल

**चित्रकूट।** उप्र रोडवेज कर्मचारी संघ, बाँदा डिपो ने मंगलवार को अपने 13 सूत्रीय ज्वलंत मांगपत्र को लेकर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, बाँदा के साथ सकारात्मक और सार्थक द्विपक्षीय वार्ता कर एक बड़ी प्रशासनिक पहल को जन्म दिया। वार्ता के दौरान कर्मचारियों की समस्याओं, शोषण और असमान दंड प्रक्रिया पर खुलकर चर्चा हुई, जिसके बाद सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा संबंधित बिंदुओं पर संबद्ध उपाधिकारियों को आवश्यक आदेश भी निर्गत किए गए। बैठक में शाखा अध्यक्ष रमेशचंद्र गुप्ता, शाखा मंत्री जयपाल सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष ओपी गुप्ता, क्षेत्रीय मंत्री पवन कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय उपमंत्री आरके वर्मा, क्षेत्रीय संगठन मंत्री रविकांत पांडे एवं कार्यकारिणी सदस्य अजय मिश्रा की सक्रिय उपस्थिति रही। संगठन ने स्पष्ट रूप से डीजल कटौती की मनमानी व्यवस्था, बिना जांच दंडात्मक कार्रवाई, केवल चालकों-परिचालकों को दोषी ठहराने की प्रवृत्ति, संगठन पदाधिकारियों को टारगेट करने, पुलिस चालानों की कटौती, महिला परिचालकों की मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी और प्रोत्साहन योजनाओं के लंबित भुगतान जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। साथ ही क्रू एलॉटमेंट रोस्टर, संविदा एवं आउटसोर्सिंग कर्मियों के साथ भेदभाव, दुर्घटना रहित प्रोत्साहन राशि और वर्षों से लंबित देयकों के भुगतान की मांग को मजबूती से रखा गया। वार्ता के कार्यवृत्त से क्षेत्रीय मंत्री पवन कुमार गुप्ता को अवगत कराते हुए संगठन ने निगम प्रबंधन का आभार जताया और उम्मीद व्यक्त की कि यह संवाद कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा और निगम की कार्यसंस्कृति सुधारने में मील का पत्थर साबित होगा।



बैठक में मौजूद रोडवेज संघ कर्मचारी

# पट्टे की राजनीति में फंसी होलिका, परंपरा बचाने कलेक्ट्रेट पहुंचे कर्वी माफी के ग्रामीण

- होलिका दहन स्थल पर कब्जे का आरोप
- आस्था बनाम प्रशासनिक मनमानी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** आस्था, परंपरा और गांव की अस्मिता पर मंडराते खतरे को लेकर कर्वी माफी के ग्रामीणों का गुस्सा आखिरकार कलेक्ट्रेट तक जा पहुंचा। होलिका दहन जैसे पावन स्थल पर दूसरे गांव के व्यक्ति को जबरन पट्टा दिए जाने के आरोपों के साथ प्रधान प्रतिनिधि बद्री सिंह पटेल के नेतृत्व में करीब डेढ़ दर्जन ग्रामीण जिलाधिकारी पुलकित गर्ग से मिले और पूरी सच्चाई सामने रखी। ग्रामीणों ने बताया कि तहसीलदार कर्वी द्वारा बिना ग्राम पंचायत और ग्रामीणों की सूचना के होलिका दहन स्थल की नाप कराकर पिलर के होल करा दिए गए, इतना ही नहीं नायब तहसीलदार ने परंपरागत होलिका के डांड को उखाड़कर दूसरी जगह गड़वा दिया, जिससे गांव में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर मकान बनवाने की तैयारी हो रही है, उससे गांव का सार्वजनिक रास्ता भी बाधित हो रहा है, जो सीधे-सीधे ग्रामीण जीवन पर हमला है। जिलाधिकारी ने पूरे मामले को गंभीरता से सुनते हुए भरोसा दिलाया कि होलिका दहन की जमीन पर किसी का घर नहीं बनेगा और पूरे प्रकरण की जांच कराकर न्यायोचित समाधान कराया जाएगा। अंत में ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त पत्र सौंपते हुए प्रशासन से आस्था और परंपरा की रक्षा की मांग की।



डीएम को ज्ञापन देते प्रधान प्रतिनिधि

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर आयोग सख्त, चित्रकूट पहुंचेगा दिल्ली का विशेष प्रेक्षक

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने जेबीएन सुब्रमण्यम आईएएस, संयुक्त सचिव, नवीन एवं नवीनकरणीय ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार को चित्रकूट के लिए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) की समीक्षा हेतु विशेष रोल प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेशों के क्रम में मंडल के हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट एवं बांदा की समीक्षा हेतु प्रेक्षक महोदय का भ्रमण कार्यक्रम 3 फरवरी से 4 फरवरी के मध्य निर्धारित किया गया है। इस कार्यक्रम के दृष्टिगत उप जिलाधिकारी न्यायिक कर्वी एवं राजापुर को आगमन एवं प्रस्थान व्यवस्था तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी को माननीय विशेष रोल प्रेक्षक का लाइजन ऑफिसर नामित किया गया है, जिन्हें प्रेक्षक के जनपद में आगमन से लेकर प्रस्थान तक उपस्थित रहकर समस्त दायित्वों के निर्वहन के निर्देश दिए गए हैं।

## धर्म ध्वजा के साए में शुरू हुआ लाईना बाबा सरकार का ऐतिहासिक संकीर्तन उत्सव

**चित्रकूट।** जनपद के आस्था-केन्द्र लाईना बाबा सरकार धाम शिवरामपुर में मंगलवार को 114 वर्षीय सीताराम नाम अखण्ड संकीर्तन के 21वें वार्षिकोत्सव का भव्य एवं गरिमामय शुभारंभ हुआ। फाल्गुन कृष्ण द्वितीया, भीम वासरे, संवत 2082 के पावन अवसर पर आयोजित अवतरण समारोह में धर्म और प्रशासन का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राम मंदिर शिखर पर धर्म ध्वजा रोहण रहा, जिसे जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से संपन्न कराया। ध्वजारोहण के उपरांत विधिवत दर्शन-पूजन कर जनपद की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की गई। समारोह में पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्रा, नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता सहित संत-महात्मा एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में आयोजन समिति ने अतिथियों को साल भेंट कर आभार जताया।

## रेल दोहरीकरण की रफ्तार, 37 किसानों के खातों में पहुँचा 97 लाख से ज्यादा प्रतिकर

**चित्रकूट।** जनपद में झांसी-खैरार-मानिकपुर रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना ने विकास को नई रफ्तार देते हुए किसानों को बड़ी राहत दी है। विशेष रेल परियोजना के अंतर्गत ग्राम सरहट, शीतलपुर तरौंहा एवं चन्द्रगहना के कुल 37 काश्तकारों को अर्जित भूमि के एवज में 97 लाख 55 हजार 259 रुपये की प्रतिकर राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। पारदर्शी प्रक्रिया के तहत भुगतान होते ही किसानों के चेहरों पर संतोष झलक उठा। वहीं जिलाधिकारी के निर्देशन में 03 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभागार में परियोजना अधिकारियों और प्रभावित कृषकों के साथ बैठक आयोजित हुई, जहां किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए समाधान पर सार्थक संवाद हुआ। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि विकास परियोजनाओं में किसानों के हित सर्वोपरि हैं और किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

## अटल आवासीय विद्यालय बना उम्मीद की पाठशाला, 300 सीटों पर दाखिले का ऐलान

**चित्रकूट।** सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय, अछरौड बांदा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया का बिगुल बज चुका है। उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत 29 नवंबर 2022 से पूर्व पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों, कोविड-19 महामारी में कोरोना से निराश्रित बच्चों तथा बाल सेवा योजना (सामान्य) के पात्र बच्चों के लिए यह सुनहरा अवसर है। कक्षा 6 में कुल 160 और कक्षा 9 में कुल 140 सीटों पर प्रवेश पूरी तरह मेरिट के आधार पर किया जाएगा। आवेदन की संशोधित तिथि के अनुसार निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन 1 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक किए जा सकेंगे, जबकि पूर्ण आवेदन पत्र आवश्यक अभिलेखों और तीन फोटो के साथ 15 फरवरी की शाम 5 बजे तक श्रम विभाग कार्यालय, चित्रकूट में जमा होंगे। कक्षा 6 हेतु जन्म तिथि 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 तथा कक्षा 9 हेतु 1 मई 2011 से 31 जुलाई 2013 के मध्य होना अनिवार्य है। प्रवेश परीक्षा 8 मार्च को आयोजित होगी और प्रवेश पत्र 26 से 28 फरवरी तक उपलब्ध रहेंगे। यह योजना श्रमिक और निराश्रित परिवारों के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की मजबूत सीढ़ी बनकर उभर रही है।

## खसरा-रूबेला पर निर्णायक वार, चित्रकूट में 16 से 27 फरवरी तक महाअभियान

**चित्रकूट।** खसरा-रूबेला जैसे खतरनाक संक्रामक रोगों से बच्चों को स्थायी सुरक्षा देने के उद्देश्य से चित्रकूट जनपद में 16 से 27 फरवरी 2026 तक विशेष एमआर टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान को लेकर 23 जनवरी को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स बैठक में तैयारियों की गहन समीक्षा की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में मिजिल्स-रूबेला मामलों में बढ़ोतरी को देखते हुए शासन के निर्देश पर कक्षा 01 से 05 तक के सभी सरकारी, निजी विद्यालयों व मदरसों में पढ़ने वाले 5 से 10 वर्ष आयु के बच्चों को अतिरिक्त एमआर वैक्सीन दी जाएगी, चाहे उन्हें पूर्व में टीका लग चुका हो। अभियान से पूर्व आशा, एएनएम व आंगनबाड़ी कार्यकताओं द्वारा लाइन लिस्टिंग कर स्कूल-वार टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा। कोल्डचेन, वैक्सीन, एनाफिलेक्सिस किट व दवाइयों की पर्याप्त व्यवस्था है। डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ सहित सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से शतप्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का संकल्प लिया गया है।

## चित्रकूट में दहेज से जुड़े दो मामलों में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी

**चित्रकूट।** जनपद में दहेज से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में थाना बहिलपुरवा और कोतवाली कर्वी पुलिस द्वारा नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। थाना बहिलपुरवा क्षेत्र में दर्ज दहेज हत्या के मामले में अभियुक्ता सुंता उर्फ सुनीता देवी को 03 जनवरी को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में वादी नंदकिशोर द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार 23 सितंबर 2025 की रात उनकी पुत्री की मृत्यु ससुराल पक्ष द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर की गई थी, जिसके आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। वहीं, कोतवाली कर्वी में दर्ज एक अन्य मामले में दहेज के लिए प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में नामजद अभियुक्त सुभाष पाण्डेय को 03 फरवरी को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में मृतका प्रियंका की मृत्यु के बाद विवेचना के दौरान दहेज प्रतिषेध अधिनियम सहित बीएनएस की धाराओं में वृद्धि की गई थी। दोनों मामलों में पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

# गोवंश संरक्षण से ही बचेगी खेती, बचेगा बुंदेलखंड : श्याम बिहारी गुप्त

अखंड भारत संदेश

**बरगढ़/चित्रकूट।** बरगढ में श्रीमती हीरामणि मिश्रा गो सेवा सदन का भव्य उद्घाटन गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त ने किया, जहां उन्होंने गोमाता के महत्व को भारतीय जीवन और कृषि की आत्मा बताया। उन्होंने कहा कि अनादिकाल से गौमाता दूध, घी, मक्खन के साथ खेती के लिए खाद और उपले देकर मानव जीवन का आधार रही हैं, इसलिए ऋषियों ने उन्हें गोमाता कहा। श्री गुप्त ने चिंता जताई कि भौतिकवादी दौर में हम गोपालक होने के बजाय गोवंश से दूरी बना रहे हैं, जो दीर्घकाल में घातक है। बुंदेलखंड में फैल रही अन्ना प्रथा को गंभीर सामाजिक चुनौती बताते हुए उन्होंने जन-जागरूकता अभियान चलाकर सुरक्षित गोवंश और सुरक्षित खेती की आवश्यकता पर बल दिया, तभी किसान प्रगतिशील बन पाएंगे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्याम नारायण शुक्ला ने किया। इस अवसर पर गौशाला संचालन से जुड़े डा शंकर मिश्र, विष्णु मिश्र, भीम पांडेय सहित अनेक जनप्रतिनिधि, किसान और मातृशक्ति मौजूद रहीं। अध्यक्ष ने पशुपालकों का सम्मान कर उनका उत्साह बढ़ाया।



गौशाला के उद्घाटन में गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त

# पाकिस्तान की पुरानी आदत !





**पाकिस्तान**

**भारत** ने रविवार को बलूचिस्तान में हालिया हिंसा से पाकिस्तान के जुड़ाव के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इन दावों को बेबुनियाद बताया और कहा कि यह पाकिस्तान की आंतरिक समस्याओं से ध्यान भटकाने की कोशिश है। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत पाकिस्तान द्वारा लगाए गए आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज करता है। विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि हम पाकिस्तान द्वारा लगाए गए बेबुनियाद आरोपों को पूरी तरह से खारिज करते हैं, जो उसकी आंतरिक विफलताओं से ध्यान भटकाने की उसकी हमेशा की तरह की चाल है।

भारत ने कहा कि पाकिस्तान को हर हिंसक घटना के बाद बेतुके दावे करने के बजाय अपने लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करने पर ध्यान देना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने आगे कहा कि हिंसक घटना होने पर हर बार बेतुके दावे दोहराने के बजाय, उसे इस क्षेत्र में अपने लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करने पर ध्यान देना चाहिए। दमन, क्रूरता और मानवाधिकारों के उल्लंघन का उसका इतिहास जगजाहिर है।

यह प्रतिक्रिया पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी द्वारा बलूचिस्तान में हुए हमलों में भारत की संलिप्तता के आरोपों के बाद आई है। इस बीच, बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने शनिवार को बलूचिस्तान के 14 शहरों में समन्वित हमलों की जिम्मेदारी ली, जिसे उसने ऑपरेशन हीरोफ 2.0 का हिस्सा बताया। समूह ने कहा कि उसने सैन्य, प्रशासनिक और सुरक्षा ढांचों को निशाना बनाया, जिसमें 84 पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी मारे गए, 18 को जिंदा पकड़ा गया, 30 सरकारी संपत्तियों को नष्ट या कब्जा कर लिया गया और 23 वाहनों को आग लगा दी गई। बलूच बलूच संगठन (बीएलए) ने कई दुश्मन चौकियों पर कब्जा करने का दावा किया है, जिनमें एक केंद्रीय सैन्य मुख्यालय भी शामिल है, और कई शहरों में दुश्मन की गतिविधियों को सीमित करने का भी दावा किया है। संगठन ने कहा कि यह अभियान अभी भी जारी है, जिसमें फतेह स्क्वाड, मजीद ब्रिगेड और उसकी खुफिया शाखा, जीराब जैसी इकाइयां शामिल हैं। संगठन ने आगे दावा किया कि इस अभियान को जनता का समर्थन प्राप्त है, जिसमें निर्वासित बलूच नेताओं और सशस्त्र समूहों का भी सहयोग है।

हालांकि, पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने एक अलग ही कहानी पेश की। सेना के मीडिया विंग, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, समन्वित हमलों के जवाब में चलाए गए अभियानों के दौरान सुरक्षा बलों ने 92 आतंकवादियों को मार गिराया, जबकि बाद में हुई झड़पों में 15 सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए।

# जमीन पर लेटी एक लड़की के ऊपर हाथ रखे दिखे ब्रिटिश प्रिंस



**अमेरिका**

**अमेरिकी** जस्टिस डिपार्टमेंट ने शुक्रवार देर रात जेफ्री एपस्टीन सेक्स स्कैंडल से जुड़ी नई फाइलें जारी कीं। इन दस्तावेजों में बताया गया है कि एपस्टीन नाबालिग लड़कियों का रोज कई बार यौन शोषण करता था। कुछ तस्वीरों में ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू को जमीन पर लेटी एक लड़की के ऊपर हाथ रखे दिखाया गया है। ट्रंप प्रशासन पिछले कुछ समय से कोर्ट के आदेश के बाद यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े दशकों पुराने सरकारी रेकॉर्ड पब्लिक कर रहा है। अब जारी हुई नई फाइलों में 30 लाख पेज, 1 लाख रड हजार तस्वीरें और 2 हजार से ज्यादा विडियो शामिल है। इन फाइल्स में इलॉन मस्क और एपस्टीन के बीच 2012 और 2013 के दौरान हुए ईमेल एक्सचेंज की जानकारी सामने आई है। ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू के अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जारी नई फाइलों में नाम आने के बाद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने शनिवार को कहा कि ब्रिटेन के पूर्व राजकुमार एंड्रयू को अमेरिकी संसद की एक समिति के सामने गवाही देनी चाहिए। चीन की चार दिवसीय यात्रा के बाद जापान लौटते समय पत्रकारों से बात करते हुए स्टारमर ने कहा कि पूर्व राजकुमार को एपस्टीन मामले की जांच कर रहे अमेरिकी सांसदों के साथ पूरी तरह सहयोग करना चाहिए। स्टारमर ने कहा कि जिस किसी के पास भी जानकारी है, उसे वह जानकारी किसी भी रूप में साझा करने के लिए तैयार रहना चाहिए, जिस रूप में उनसे ऐसा करने के लिए कहा जाए। आप पीड़ित-केंद्रित तभी हो सकते हैं जब आप ऐसा करने के लिए तैयार हों। रॉयटर्स ने बताया कि एंड्रयू, जिन्हें उनके भाई राजा चार्ल्स तृतीय द्वारा शाही उपाधियाँ छीन लिए जाने के बाद अब एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर के नाम से जाना जाता है, ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है ।

# ट्रंप के पीस बोर्ड को इजरायल ने धुएं में उड़ाया, गाजा पर किया बड़ा अटैक



**इजरायल**

**इजराइल** ने बीते हफ्तों में सबसे तेज हवाई हमले किए। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक इन हमलों में एक पुलिस स्टेशन, कई घर और टेंट निशाना बने हैं। हमले में तीन बच्चों के साथ-साथ कम से कम 24 लोग मारे गए। दरअसल इजराइल का यह दावा है कि सीजफायर का उल्लंघन करने के बाद यह जवाबी कारवाई की गई है। दूसरी तरफ फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक 24 आम नागरिकों की जान गई है जिसमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। गाजा सिटी में शनिवार को हुए इजराइली हमले में एक अपार्टमेंट इमारत तबाह हो गई। जिसमें एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक बुजुर्ग महिला, उसकी बेटी और तीन बच्चियां शामिल हैं। परिवार वालों और डॉक्टरों ने इसकी पुष्टि की।

फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी वाफा के मुताबिक शनिवार को गाजा पट्टी में अलग-अलग हमलों में कुल 12 लोग मारे गए। इजराइली सेना ने हमले की जांच की बात कही है। यह घटना राफा, सीमा चौकी खुलने से एक दिन पहले हुई। और एक बड़ी खबर आपको बता दें ईरान के कम से कम सात शहरों में एक साथ धमाके हुए। तैहरान, बंदर, अब्बास, सबरी, परम, केशव, नौशर और अर्धवल में एक साथ धमाके हुए। यह धमाके उत्तर दक्षिण पूर्व और पश्चिम सभी हिस्सों में कुछ हिस्सों के भीतर हुए। हालांकि बंदर अब्बास में बताया गया कि यह धमाका आग लगने की वजह से हुआ था। लेकिन सात शहरों में ही सात धमाके। लोगों ने अपने मोबाइल फोन में ये आग की लपटें कैद की है। हालांकि सवाल यह है कि आखिर यह हमला किसकी तरफ से किया गया है? क्योंकि इजराइल ने साफ तौर पर क्लियर कर दिया है कि हमला हमारी तरफ से नहीं किया गया।

बारूद के ढेर पर खड़ा ईरान धमाकों से दहल गया है। ईरान के शहर शहरों में हुए धमाकों में पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि दर्जनों लोग घायल हैं। तेहरान, परंत, तबरीज, कोम, अहवाज, नंताज और बंदर अब्बास में धमकों के बाद जली हुई गाड़ियां और धुएं का गुब्बार बता रहा है कि यहां कैसी तबाही हुई है। तेहरान टाइम्स के मुताबिक अहवाज में एक रिहाइशी इमारत में गैस विस्फोट हुआ था। जिसमें चार लोगों की मौत हुई है। और पश्चिम एशिया में तनाव एक बार फिर से तेज है। अमेरिका ईरान की तल्खी के बीच अमेरिकी नौसेना का विध्वंसक जहाज इजराइल के बंदरगाह पहुंच चुका है।

# ट्रंप ने भारत को लेकर अब क्या नया बड़ा दावा कर दिया?



**अमेरिका**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को लेकर एक बड़ा दावा कर दिया है। ट्रंप यह कह रहे हैं कि ईरान से तेल नहीं खरीदेगा भारत। वेनेजुएला से तेल खरीदेगा भारत। मतलब भारत के बारे में लगातार बड़े-बड़े दावे राष्ट्रपति ट्रंप इससे पहले भी करते आए हैं। लेकिन अब उन्होंने ये बड़ी बात कही कि ईरान से तेल नहीं खरीदेगा, वेनेजुएला से खरीदेगा। और अमेरिका और ईरान के बीच इस वक्त कितनी तल्खी है ये भी हम जानते हैं। ईरान ने ये कहा है कि अगर अमेरिका ने हमला किया तो हम होमूस स्टेट को बंद कर देंगे। एएनआई के अनुसार, एयर फोर्स वन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चीन का स्वागत है और वे तेल पर एक बड़ा सौदा कर सकते हैं। हमने पहले ही एक समझौता कर लिया है। भारत भी इसमें शामिल हो रहा है और वे ईरान से तेल खरीदने के बजाय वेनेजुएला से तेल खरीदेंगे। इसलिए, हमने पहले ही समझौते की रूपरेखा तैयार कर ली है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि हमने पहले ही समझौता कर लिया है।

भारत इसमें शामिल हो रहा है और वह ईरान के बजाय वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। हमने पहले ही समझौता कर लिया है। भारत इसमें शामिल हो रहा है और वे आगे बढ़ रहे हैं, हमने पहले ही उस समझौते पर सहमति बना ली है, समझौते की अवधारणा तैयार कर ली है। लेकिन चीन का तेल खरीदने के लिए स्वागत है।

वेनेजुएला का तेल व्यापार

इससे पहले, ट्रंप ने कहा था कि वेनेजुएला ने अमेरिका को 52 लाख अमेरिकी डॉलर मूल्य का 5 करोड़ बैरल तेल देने की पेशकश की थी और उन्होंने इस सौदे को स्वीकार कर लिया था।

# 'ईरान नहीं, अब वेनेजुएला से तेल खरीदेगा भारत'



**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा बयान देते हुए दावा किया है कि भारत अब ईरान के बजाय वेनेजुएला से कच्चे तेल का आयात करेगा। फ्लोरिडा जाते समय 'एयरफोर्स वन' विमान में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि इस सौदे को लेकर एक "सहमति" बन चुकी है। भारत आ रहा है, और वे ईरान से खरीदने के बजाय वेनेजुएला से तेल खरीदने जा रहे हैं। तो, हमने पहले ही डील का कॉन्सेप्ट बना लिया है।"

ट्रंप का दावा है कि भारत वेनेजुएला का तेल खरीदेगा

ट्रंप की यह टिप्पणी अमेरिका से मिले संकेतों के बाद आई है कि नई दिल्ली को जल्द ही वेनेजुएला का कच्चा तेल खरीदने की इजाजत दी जा सकती है। अमेरिकी नेता भारत को रूसी इंपोर्ट के बदले वेनेजुएला के तेल पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, जो यूक्रेन में युद्ध के बीच मॉस्को को मिलने वाले फंड को सीमित करने के वाशिंगटन के बड़े प्रयास का हिस्सा है।

इसके अलावा, ट्रंप ने बताया कि चीन भी वेनेजुएला का तेल खरीदने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने वेनेजुएला में सीधे तौर पर भूमिका निभाने का दावा किया है, जिससे देश की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को तब तक अंतरिम नेता के रूप में काम करने की इजाजत दी गई है, जब तक वाशिंगटन की मांगें - खासकर वेनेजुएला के तेल तक पहुंच देना - पूरी नहीं हो जातीं।

# अल्लाह का नाम लेकर महिलाओं पर बांग्लादेशी नेता ने जो कहा, सब हैरान!



**बांग्लादेश**

**बांग्लादेश** से एक ऐसा नया बयान सामने आया है जिसने पूरी दुनिया को हैरान करके रख दिया है। यह बयान सिर्फ राजनीति नहीं बल्कि महिलाओं की भूमिका, उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों पर सीधा सवाल खड़ा करता है। एक बार फिर से बांग्लादेश की राजनीति में कट्टरपंथी सोच खुलकर सामने आ गई है और यह बयान आया है कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी जमात इस्लामी के प्रमुख शफीक उर रहमान की तरफ से। तो सवाल सीधा उठता है कि जिस देश को दशकों तक महिलाओं ने लीड किया वहीं पर आज महिला नेतृत्व को असंभव बताया जा रहा है। दरअसल जमात इस्लामी प्रमुख शफीक उर रहमान ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपनी कट्टरपंथी सोच का एक नमूना पेश किया। उन्होंने बयान देते हुए यह कहा कि हमारी पार्टी में कभी भी कोई महिला प्रमुख नहीं बन सकती। उन्होंने इसके पीछे धार्मिक दायित्व और जैविक सीमाओं को उनका तर्क दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अल्लाह ने पुरुष और महिलाओं को अलग-अलग बनाया है। पुरुष बच्चे पैदा नहीं कर सकते। उनका ख्याल नहीं रख सकते और वहीं जो यह काम है वो महिला कर सकती है।

# हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के बाद आधा हुआ बांग्लादेश का पैसा




**बांग्लादेश**

**भारत** ने केंद्रीय बजट 2026-27 में बांग्लादेश को दी जाने वाली विदेशी विकास सहायता में भारी बदलाव किया है और सहायता आधी कर दी है। यह कदम पड़ोसी देश में बढ़ती हिंदू विरोधी घटनाओं और हत्याओं की खबरों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में बढ़ते तनाव को दशार्ता है। बांग्लादेश को भारत की विदेशी सहायता में सबसे बड़ी कटौती का सामना करना पड़ रहा है, जहां उसका आवंटन 120 करोड़ रुपये से घटाकर 60 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जबकि अधिकांश पड़ोसी देशों को दी जाने वाली सहायता या तो बरकरार रखी गई है या बढ़ाई गई है। दस्तावेज से यह भी पता चला कि भारत ने बांग्लादेश के लिए 120 करोड़ रुपये आवंटित किए थे, लेकिन तनावपूर्ण संबंधों के कारण वास्तव में केवल 34.48 करोड़ रुपये ही खर्च किए गए थे।

इस बीच, भारत से सहायता प्राप्त करने वाले देशों की सूची में भूटान शीर्ष पर बना हुआ है, उसके बाद नेपाल, मालदीव और श्रीलंका का स्थान है। देशों को सहायता के अंतर्गत आवंटित राशि को बढ़ाकर 5,686 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जो पिछले वर्ष के बजट अनुमान 5,483 करोड़ रुपये से लगभग 4% अधिक है। बजट में एक बड़ा बदलाव चाबहार बंदरगाह परियोजना के लिए धनराशि का पूरी तरह से न होना है। भारत ने 2024-25 में इस परियोजना पर 400 करोड़ रुपये खर्च किए थे और 2025-26 के बजट अनुमानों में पहले 100 करोड़ रुपये आवंटित किए थे, जिसे बाद में संशोधित अनुमानों में बढ़ाकर 400 करोड़ रुपये कर दिया गया था। 2026-27 के लिए, आवंटन को घटाकर शून्य कर दिया गया है।

यह स्थिति तब उत्पन्न हुई है जब भारत ने 2024 में चाबहार स्थित शाहिद बेहेश्टी टर्मिनल के संचालन के लिए 10 वर्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। यह परियोजना भारत के लिए पाकिस्तान को दरकिनार करते हुए अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच बनाने के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है। वित्तपोषण में यह रोक ईरान के साथ भारत के संबंधों पर बढ़ते बाहरी दबाव के साथ हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा तेहरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर 25% टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद यह दबाव बढ़ा है, जिससे पहले मिली प्रतिबंधों में छूट प्रभावी रूप से सीमित हो गई है। इस घटनाक्रम से चाबहार परियोजना और उसकी व्यापक क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजनाओं में भारत की भूमिका को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है। इस बीच, भूटान भारतीय सहायता का सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता बना हुआ है, जिसका आवंटन लगभग 6% बढ़कर 2,289 करोड़ रुपये हो गया है, जो जलविद्युत और अवसंरचना परियोजनाओं के लिए निरंतर समर्थन को दशार्ता है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# अटक जाएगी चाबहार परियोजना! US की मैक्सिमम प्रेशर के चलते भारत ने ईरान से दूरी बनाई? बजट में भी दिखा असर



**अमेरिका**

**भारत** ने केंद्रीय बजट 2026-27 में अपनी विदेशी विकास सहायता नीतियों में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं और पहली बार चाबहार बंदरगाह परियोजना के लिए कोई आवंटन नहीं किया है। यह बदलाव ईरान पर अमेरिका द्वारा लगाए गए नए प्रतिबंधों के मद्देनजर भारत की सतर्कता को दशार्ता है। भारत और ईरान द्वारा संयुक्त रूप से विकसित चाबहार बंदरगाह का उद्देश्य क्षेत्रीय संपर्क और व्यापार को मजबूत करना है। दोनों देशों ने इसे अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (क्ठरळ्ठ) में शामिल करने की वकालत भी की है। आईएनएसटीसी भारत, ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल ढुलाई के लिए 7,200 किलोमीटर लंबी एक बहु-तरीका परिवहन परियोजना है।

पिछले वर्षों में भारत ने ईरान के दक्षिणी सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में प्रमुख कनेक्टिविटी परियोजना के लिए सालाना 100 करोड़ रुपये अलग रखे थे, जहां वह एक प्रमुख विकास भागीदार बना हुआ है।

पिछले सितंबर में, अमेरिका ने ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे, लेकिन चाबहार परियोजना में भारत की भागीदारी के लिए उसे छह महीने की छूट दी थी। यह छूट 26 अप्रैल को समाप्त होने वाली है। पिछले महीने बोलते हुए, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पुष्टि की कि भारत चाबहार से संबंधित मामलों पर वाशिंगटन के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। सूत्रों के अनुसार, ट्रंप प्रशासन द्वारा तेहरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर 25% अतिरिक्त शुल्क लगाने की चेतावनी के बाद, भारत इस परियोजना के लिए विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रहा है। इसके अलावा, बांग्लादेश को भारतीय विदेशी सहायता में सबसे बड़ी कटौती का सामना करना पड़ा, जहां उसका आवंटन 120 करोड़ रुपये से घटकर 60 करोड़ रुपये रह गया, जो द्विपक्षीय संबंधों में तनाव को दशार्ता है। पहले आवंटित 120 करोड़ रुपये में से केवल 34.48 करोड़ रुपये ही वितरित किए गए थे।

भूटान को भारत से सबसे अधिक सहायता मिल रही है, उसके बाद नेपाल, मालदीव और श्रीलंका का स्थान है। कुल मिलाकर, भारत का देशों को सहायता आवंटन बढ़कर 5,686 करोड़ रुपये हो गया है, जो पिछले वर्ष के 5,483 करोड़ रुपये से लगभग 4% अधिक है।